रोहतक

बुधवार, 27 मार्च 2024

चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 59
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 34.4
न्यून. 16.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 हरियाणा मुक्केबाजी सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बना चैंपियन

## अंदर के पन्नों पर


- रोहतक सीट बचाने को भाजपा बदले रणनीति — पेज-3
- मुंबई में रहते हैं सबसे ज्यादा अरबपति — पेज-4
- भारत राष्ट्रीय संप्रभुता बनाए रखने में फिलीपीन का करता है समर्थन — पेज-8


# राहत : सीयूईटी के लिए 31 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

**15 से 31 मई तक होगी परीक्षा**
विश्वविद्यालयों में मिलता है प्रवेश

**नई दिल्ली (भाषा)।** साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने मंगलवार को यह घोषणा की। पहले यह समय सीमा मंगलवार रात 11 बजे तक थी। अभ्यर्थियों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर सीयूईटी-यूजी- 2024 के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की समय सीमा 31 मार्च 2024 को रात 9:50 बजे तक बढ़ा दी गई है। परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित होनी है। देशभर के केंद्रीय, राज्य, डीम्ड व निजी विवि में प्रवेश प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए 2022 में मानकीकृत परीक्षा शुरू की गई थी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सीयूईटी-यूजी 2024 के लिए हाइब्रिड परीक्षा प्रारूप की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें विभिन्न विषयों के लिए कंप्यूटर-आधारित परीक्षा और पेन-एंड-पेपर मोड दोनों शामिल हैं। उच्च पंजीकरण वाले विषयों में ओएमआर का उपयोग करके पेन-एंड-पेपर प्रारूप अपनाया जाएगा, जबकि अन्य कंप्यूटर-आधारित रहेंगे।

# गड़बड़ी : सीआईएससीई 12वीं की मनोविज्ञान की परीक्षा रद

**पेपर लीक होने की आशंका**
एक केंद्र से प्रश्न पत्र के पैकेज खोए

**नई दिल्ली (भाषा)।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने 12 वीं कक्षा की मनोविज्ञान की परीक्षा से एक दिन पहले एक केंद्र से प्रश्नपत्र के पैकेट खो जाने के मद्देनजर इस विषय की परीक्षा स्थगित करने की मंगलवार को घोषणा की। सीआईएससीई ने बताया कि अब यह परीक्षा चार अप्रैल को अपराह्न दो बजे आयोजित की जाएगी। बोर्ड की उप सचिव संगीता भाटिया ने बताया, ''एक परीक्षा केंद्र ने 12वीं कक्षा के मनोविज्ञान विषय के प्रश्नपत्र के खो जाने की सूचना दी है। परीक्षा स्थगित कर दी गई है। केंद्रों को जल्द से जल्द प्रश्नपत्र संयोजक को सौंप देना चाहिए। बोर्ड ने इससे पहले प्रश्न पत्र लीक होने की खबरों के मद्देनजर 26 फरवरी को अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए 12वीं कक्षा की रसायन विज्ञान की परीक्षा स्थगित कर दी थी। हालांकि, बोर्ड ने प्रश्नपत्र लीक की पुष्टि नहीं की थी। बोर्ड का कहना है कि सभी परीक्षार्थी को वेबसाइट के माध्यम से जानकारी भेज दी गई है कि वे अब 4 अप्रैल को परीक्षा देने की तैयारी करें।

# भोजशाला : जारी सर्वे के बीच हनुमान चालीसा का पाठ

**एएसआई टीम ने किया सर्वे**
पत्थरों शिलालेखों की फोटोग्राफी की

**धार (भाषा)।** हाईकोर्ट के आदेश पर धार की भोजशाला में हो रहे एएसआई के वैज्ञानिक सर्वे के 5वें दिन मंगलवार को टीम ने साढ़े 9 घंटे से ज्यादा समय तक सर्वे का काम किया। टीम सुबह 7 बजे भोजशाला पहुंची थी और शाम 4 बजकर 50 मिनट पर बाहर आई। टीम ने भोजशाला में खुदाई करवाई। साथ ही पत्थरों, शिलालेखों और स्तंभों की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी समेत कार्बन डेटिंग की गई। सर्वे पूरा होने के बाद हिंदू समाज की ओर से मौजूद समिति के संयोजक गोपाल शर्मा ने बताया-मंगलवार होने के कारण भोजशाला के पीछे की ओर ही सर्वे हुआ। भोजशाला में हर मंगलवार को हिंदू समाज के लोग पूजा-अर्चना और हनुमान चालीसा पाठ करते हैं। भोज उत्सव समिति के पदाधिकारियों के साथ लोगों ने आज भोजशाला में प्रवेश किया। इसके बाद गर्भगृह में मां वाग्देवी का चित्र रखकर चावल व पुष्प अर्पित करते हुए पूजन किया। लोगों ने सुबह हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद सरस्वती स्त्रोत करते हुए आरती की व हवन कुंड में आहूति भी दी। मंगलवार को 4 गुना ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### मणिपुरी युवती की मौत की सीबीआई जांच होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दक्षिण दिल्ली में किराये के एक मकान में 2013 में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाई गई 25 वर्षीय मणिपुरी युवती की मौत की सीबीआई जांच का निर्देश देते हुए कहा कि अनसुलझे अपराध उन संस्थानों में लोगों का विश्वास घटा देते हैं जिनकी स्थापना कानून-व्यवस्था बरकरार रखने के लिए की गई है। भाषा

### अदालत राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने से नहीं रोक सकती

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक व्यक्ति पर उड़ीसा उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई जमानत की इस शर्त को खारिज कर दिया है कि वह किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने जमानत की शर्त खारिज करते हुए कहा कि यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा। अदालत किसी को राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने से नहीं रोक सकती। भाषा

### यूट्यूब ने भारत में 22 लाख से अधिक वीडियो हटाए

**नई दिल्ली।** यूट्यूब ने सामुदायिक दिशानिर्देशों के उल्लंघन के मामले में पिछले साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच भारत में 22.5 लाख से अधिक वीडियो हटाए हैं। वीडियो हटाने की सूची में अमेरिका और रूस जैसे देशों को पछाड़ते हुए भारत शीर्ष पर रहा है। यूट्यूब के आंकड़ों के अनुसार, 12,43,871 वीडियो हटाते हुए सिंगापुर इस सूची में दूसरे स्थान पर और अमेरिका तीसरे स्थान पर है। भाषा

### महाकाल मंदिर में हर्बल रंग को अनुमति

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** होली के त्योहार पर उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में भस्म आरती के वक्त गुलाल उड़ाए जाने के दौरान लगी आग से 14 लोगों के झुलसने की घटना से सबक लेते हुए प्रशासन रंगपंचमी के 30 मार्च को पड़ने वाले पर्व पर अलग-अलग एहतियाती उपाय करेगा। इनमें रंगपंचमी पर मंदिर में केवल हर्बल रंग को अनुमति दी जाएगी। भाषा

### सोनम वांगचुक ने 21 दिन बाद भूख हड़ताल खत्म की

**जम्मू।** प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक ने 21 दिन बाद अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी। वे लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग पर भूख हड़ताल पर थे। बीते 21 दिनों से सोनम केवल पानी और नमक का सेवन कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि मेरी लड़ाई जारी रहेगी। वांगचुक ने कहा, मैं लद्दाख के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों और लोगों के राजनीतिक अधिकारों के लिए लड़ना जारी रखूंगा। भाषा

### अफस्पा को हटाने पर विचार करेगा केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम (अफस्पा) को वापस लेने पर विचार करेगी। सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश में सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। हमारी योजना सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था पुलिस के हवाले करने की है। भाषा

# ईडी की हिरासत से केजरीवाल के आदेश जारी करने पर रोक लगाएं

## हाईकोर्ट में याचिका दायर, आतिशी तक कैसे पहुंचे निर्देश, जांच हो

**नई दिल्ली (एजेंसी/भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी की हिरासत में रहने के दौरान कोई भी आदेश जारी करने से रोकने के लिए कोर्ट से अनुरोध किया गया है। साथ ही जनहित याचिका में टाइपिस्ट, कंप्यूटर प्रिंटर तमाम चीजें उपलब्ध नहीं कराने का भी अनुरोध किया है। वहीं, याचिकाकर्ता ने कोर्ट से यह भी अपील की है कि ईडी को शिकायत दर्ज करने, जांच करने और अरविंद केजरीवाल पर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया जाए कि पुलिस हिरासत में उनके द्वारा जारी किए गए आदेश दिल्ली की मंत्री आतिशी के पास कैसे पहुंचे। याचिकाकर्ता सुरजीत सिंह यादव ने अधिवक्ता शशि रंजन कुमार सिंह और महेश कुमार के माध्यम से कहा कि केजरीवाल हिरासत में निर्देश और आदेश जारी करते समय भारत के संविधान की तीसरी अनुसूची के तहत उन्हें दी गई गोपनीयता की शपथ का उल्लंघन कर रहे हैं। बता दें कि उसी याचिकाकर्ता ने हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय में एक और जनहित याचिका दायर की, जिसमें सीएम अरविंद केजरीवाल को दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री पद से हटाने की प्रार्थना की गई है।

### यह भी कहा याचिका में

याचिका में कहा गया है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने 21 मार्च, 2024 को कई चैनलों को साक्षात्कार देते हुए कहा था कि केजरीवाल अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे और जरूरत पड़ने पर चुनाव लड़ेंगे। याचिका में कहा है कि केजरीवाल के मुख्यमंत्री के रूप में बने रहने से कानूनी प्रक्रिया में बाधा आएगी, जिससे राज्य में संवैधानिक तंत्र टूट सकता है।



### केजरी की याचिका पर सुनवाई आज

दिल्ली हाईकोर्ट आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने संबंधी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगा। ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था और दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें 28 मार्च तक संघीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया था। केजरीवाल की याचिका न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा के समक्ष सुनवाई के लिए पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे सूचीबद्ध है।

### मोहल्ला क्लीनिकों में दवाओं की कमी न हो: केजरी

केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी के मोहल्ला क्लीनिक और अस्पतालों में दवाओं और जांच की सुविधा की कमी को दूर करने के लिए ईडी की हिरासत से निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने यह जानकारी दी। यह ईडी की हिरासत से केजरीवाल द्वारा जारी किया गया दूसरा निर्देश है। बाद में दिन में भारद्वाज ने कहा कि बुधवार को दिल्ली विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। बता दें कि पिछले सप्ताह केजरीवाल ने दिल्ली के कुछ हिस्सों में पानी और सीवर के मुद्दों के समाधान के लिए जल मंत्री आतिशी को निर्देश दिए थे। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति मामले में 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में हैं।

### बीआरएस नेता कविता को तिहाड़ जेल भेजा



दिल्ली की एक अदालत के आदेश के बाद बीआरएस की नेता के. कविता को तिहाड़ जेल ले जाया गया। जेल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अदालत ने मंगलवार को ईडी की उस याचिका पर उन्हें नौ अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसमें संघीय जांच एजेंसी ने कहा था कि यदि 'अति प्रभावशाली' कविता को रिहा किया गया तो उनके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने के अलावा सबूतों से छेड़छाड़ किए जाने की आशंका है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने 46 वर्षीय कविता को 15 मार्च को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने कहा, ''वह तिहाड़ जेल पहुंच गई है और उन्हें जेल नंबर छह में रखा जाएगा जो एक महिला जेल है। उनकी चिकित्सकीय जांच कराई जाएगी।

### आप का प्रदर्शन: कई नेता हिरासत में

केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप सड़कों पर उतरी। जब उसके कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'इंकलाब जिंदाबाद' और 'केजरीवाल जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया। आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने कहा कि वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, और पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं/कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

### भाजपा ने केजरीवाल का मांगा इस्तीफा

भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला और केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की जिन्हें आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया है। कार्यकर्ताओं ने फिरोजशाह कोटला स्टेडियम से सचिवालय तक मार्च निकाला।



# पूर्व सीएम हुड्डा ने लोकसभा चुनाव लड़ने से किया इनकार

## बोले-सैलजा-सुरजेवाला मैदान में आएं तो खुशी होगी

- सैलजा और सुरजेवाला हमारे वरिष्ठ नेता
- केंद्रीय नेतृत्व चाहेगा तो दीपेंद्र लड़ेंगे चुनाव
- बची नौ सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान जल्द होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड् डा ने मुंगलवार को कहा कि वे लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। रोहतक सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व तय करेगा। यदि केंद्रीय नेतृत्व चाहेगा तो दीपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव लड़ेंगे। खुद के चुनाव लड़ने पर कहा कि वे विपक्ष के नेता हैं, इसलिए लोकसभा का चुनाव नहीं लडेंगे। हुड् डा ने रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कुमारी शैलजा व सुरजेवाला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। अगर वे चुनाव लड़ते हैं तो मुझे खुशी होगी। पूर्व सीएम ने कहा कि एक-दो दिन के अंदर स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी। उम्मीद है कि इसमें प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा होगी।

**एजेंसियों का गलत इस्तेमाल न हो**
भूपेंद्र हुड् डा ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर कहा कि संवैधानिक एजेंसियों का गलत इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

**पूर्व सीएम मनोहर लाल को जेड प्लस सुरक्षा पर चुटकी**
हुड्डा ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जेड प्लस सुरक्षा देने पर चुटकी ली। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री तो और भी कई हैं, लेकिन उन्हें तो जेड प्लस सुरक्षा नहीं दी गई। उनके आवास पर रिटायर्ड कर्मचारी भी पूर्व सीएम से मुलाकात की। इस पर पूर्व सीएम हुड् डा ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के बाद पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेगी।

**कांग्रेस सरकार बदलने को तैयार**
उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा आधे से ज्यादा प्रत्याशी के चेहरे नए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बदल रही है, जबकि कांग्रेस सरकार बदलने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा की सभी सीटों पर कांग्रेस जीत हासिल करेगी।

## अलग-अलग जिलों में चले चाकू और ईंट

# होली के दिन वारदात, चार हत्याओं से दहल गया प्रदेश

*हरियाणा (हरिभूमि टीम)। प्रदेश में होली के दिन चार जिलों में हुई वारदातों में चार लोगों की हत्या कर दी गई। इससे प्रदेश दहल उठा। बताया जा रहा है कि यमुनानगर में चौकीदार की ईंट मारकर हत्या कि गई है। वहीं, रेवाड़ी, सोनीपत और जींद में भी एक-एक युवक को मौत के घाट उतार दिया गया।*

### यमुनानगर: पत्थर से सिर व मुंह कुचलकर मार डाला

गांव बाड़ी माजरा गधौली माजरी में अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर से सिर व मुंह पर वार कर एक फैक्टरी में चौकीदार बिहार के गांव सन्ना पट्टी निवासी राहुल की हत्या कर दी। चौकीदार का शव फैक्टरी के पास सड़क किनारे पड़ा मिला। शव के पास ही खून लगा हुआ पत्थर पड़ा था। राहुल तीन माह पहले ही काम पर लगा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव गृह में रखवा दिया। पुलिस ने अज्ञात पर हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जींद: तेजधार हथियार से राजमिस्त्री की हत्या

रघु नगर में एक युवक अजयपाल की तेजधार हथियार व ईंटों से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। अजयपाल राजमिस्त्री का कार्य करता था। वारदात को अंजाम देकर हत्यारे फरार हो गए। जिस तरीके से युवक की हत्या की गई है, वह गहरी रंजिश की तरफ इशारा कर रही है। हालांकि यह खुलासा नहीं हो पाया है कि युवक की हत्या के पीछे क्या कारण रहे और हत्यारे कौन थे। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गुरूद्वारा कालोनी रोहतक रोड निवासी अजयपाल (25) गत दिवस शाम को घर से गया था। देर रात को परिजनों की बात अजय से हुई तो उसने फाग मनाने की बात कर जल्द घर आने की बात कही थी। मंगलवार सुबह अजयपाल का शव खून से लथपथ रघु नगर में मुख्य मार्ग से हट कर प्लाट में पड़ा मिला।

### रेवाड़ी: ईंट-भट्टे पर मिला श्रमिक का शव

बावल में ईंट भट्टे पर यूपी के बांदा से काम करने के लिए श्रमिक आए हुए हैं। इन्हीं श्रमिकों में से 22 वर्षीय नंदी व उसके साथी पड़ोसी गांव के अजय ने होली की रात साथ बैठकर शराब पी। नशा होने के बाद किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इसके बाद अजय वहां से चला गया। नंदी सो गया। सुबह नंदी का खून से लथपथ शव मिला। श्रमिकों ने इसकी सूचना भट्टा मालिक को दी। पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। आरोपित अजय भट्टे से फरार हो गया। नंदी के शव पर धारदार हथियार से कई बार वार किए हुए थे। यह वारदात रसियावास में ईंट भट्टे पर हुई। बताया जा रहा है कि होली की रात अजय ने ही दोस्त नंदी को धारदार हथियार से काट डाला।

### सोनीपत: गले और पेट में चाकू घोंपे, गली में फेंकी लाश

जठेड़ी गांव में एक युवक की निर्ममता से हत्या कर दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक का शव खून से लथपथ हालत में गली में पड़ा मिला। हत्या का कारण 3-4 दिन पहले विवाद में युवकों को थप्पड़ मार देना बताया गया है। गांव जठेड़ी निवासी समुंद्र ने थाना राई में दी शिकायत में बताया कि उसका बडा भाई जितेन्द्र उर्फ मोनू (40) है। मोनू औद्योगिक क्षेत्र में चाय की दुकान चलाता था। वह चाय के साथ गुटखा व सिगरेट भी बेचता था। 3-4 दिन पहले उसके भाई जितेंद्र उर्फ मोनू की किसी बात पर तुषार उर्फ अंकित, रीतिक उर्फ कोनी निवासी जठेडी की माता के साथ कहासुनी हो गई थी। मोनू ने किसी बात पर इनको थप्पड मार दिया था। इसी की रंजिश में उन्होंने मोनू की हत्या कर दी व शव गली में फेंक दिया।

# आईपीएल में सट्टा खेलने वाले इंजीनियर की पत्नी ने दी जान

**इंजीनियर पति पर 1.5 करोड़ कर्ज था, उधार देने वालों की धमकियों से परेशान थी**

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एक महिला ने अपने पति के आईपीएल में सट्टा खेलने से परेशान होकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने बताया कि इंजीनियर दर्शन बाबू की 23 साल की पत्नी रंजीता का शव 18 मार्च को उनके घर पर छत से लटका मिला। सूत्रों के मुताबिक रंजीता के पति दर्शन ने आईपीएल में सट्टा लगाने के लिए 13 लोगों से 1.5 करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। वे लोग पैसा मांगने के लिए उनके घर आकर धमकी देते थे। इससे परेशान होकर रंजीता ने सुसाइड किया। रंजीता ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है।

# रणजीत चौटाला ने दिया विधायक पद से इस्तीफा

## हरियाणा में बिजली-जेल मंत्रालय देख रहे थे

**हिसार लोस सीट पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी भाजपा**

योगेंद्र शर्मा ▶▶। चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर सरकार में मंत्री रहे और नायब सैनी सरकार में भी मंत्री पद से नवाजे गए चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा ज्वाइन कर लेने और लोकसभा का चुनाव हिसार सीट से लड़ने की घोषणा के बीच रंजीत सिंह के इस्तीफे की चर्चा तेजी के साथ में चल रही थी। इस बीच उन्होंने अपना इस्तीफा हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष के पास भेज दिया है। निर्दलीय विधायक जीतकर आने वाले रणजीत ने बिना शर्त पूर्व में मनोहर सरकार को समर्थन दिया था। जिसके बाद उन्हें मंत्री बनाया गया था। हाल ही में वे विधिवत भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद भाजपा ने उन्हें भाजपा से लोकसभा चुनाव को टिकट दिया है।

**रानियां से थे विधायक**
भाजपा प्रत्याशी रणजीत रानियां से विधायक थे। फिलहाल, विधायक पद से इस्तीफा दिए जाने की पुष्टि सूत्र कर रहे हैं। लेकिन नियमों के अनुसार वे फिलहाल, मंत्री पद पर बने रहेंगे।

**निर्दलीय की सदस्यता खत्म**
संविधान की 10वीं अनुसूची, में दल बदल विरोधी प्रावधान हैं। जिसके तहत सदन का कोई निर्वाचित सदस्य, जो निर्दलीय है। वह निर्वाचन के बाद किसी दल में शामिल हो जाता है तो उसकी सदस्यता खत्म हो जाती है।

**श्रद्धांजलि** 76 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, सबने किया नमन

# भारतीय मूल के गणितज्ञ, जनरल मोटर्स के संस्थापक निदेशक सुब्रमण्यम नहीं रहे

भाषा ▶▶। न्यूयॉर्क

भारतीय मूल के प्रख्यात गणितज्ञ एवं जनरल मोटर्स के संस्थापक व निदेशक डॉ. टी. एन. सुब्रमण्यम का मंगलवार को निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। सुब्रमण्यम 1979 में अमेरिका में बस गए थे। वह भारत और अमेरिका में अकादमिक हलकों में काफी प्रसिद्ध थे। वह अपने पीछे गणित की दुनिया के लिए गणितीय मॉडल व सिद्धांतों की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं। सुब्रमण्यम के परिवार में उनकी पत्नी, बेटी और दामाद हैं। उनके दामाद अमेरिका के मेरीलैंड राज्य में राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के लिए काम करते हैं।

***1979 में अमेरिका में बसे, भारत और अमेरिका में अकादमिक हलकों में काफी चर्चित रहे , गणित में उनके फार्मूलों ने बटोरीं सुर्खियां***

### यह रही उलब्धियां

जनरल मोटर्स द्वारा जीएम कारों के लिए गणितीय मॉडल बनाने के लिए काम पर रखा गया था। बाद में, उन्होंने ऑटोमोटिव विनिर्माण कंपनी के लिए रूट वन कंपनी की स्थापना की, जो सभी जीएम कारों तथा जीपीएस सिस्टम के लिए ऑटो-फाइनेंसिंग संभालती है। सुब्रमण्यम ने अमेरिका में ट्रॉय (मिशिगन) में जनरल मोटर्स की साइट के सर्वर का आकार दिया।

### इंदिरा ने की थी व्यक्तिगत रूप से मुलाकात

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी देश की अपनी एक यात्रा के दौरान उनसे व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की थी और उनके काम की सराहना की थी। सुब्रमण्यम के परिवार में उनके इकलौते छोटे भाई टी. एन. अशोक भी हैं। अशोक टीएनए टॉक के अंतरराष्ट्रीय ब्लॉगर और प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के पूर्व संपादक (इकनॉमिक्स) रह चुके हैं।

# रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद नहीं रहे

**पीएम मोदी ने दुख जताया, कहा, उन्होंने अनगिनत दिलों पर अमिट छाप छोड़ी**

**नई दिल्ली।** रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने 95 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। वो लंबे समय से बीमार चल रहे थे। स्वामी स्मरणानंद 2017 में ऑर्डर के 16वें अध्यक्ष बने थे। आरके मिशन ने उनके निधन की पुष्टि की। बयान में कहा गया कि रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के परम पूज्य अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंदजी महाराज ने मंगलवार रात 8.14 बजे महासमाधि ले ली। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि स्वामी स्मरणानंद महाराज ने अपना जीवन आध्यात्मिकता और सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अनगिनत दिलों और दिमागों पर एक अमिट छाप छोड़ी। उनकी करुणा और बुद्धिमत्ता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।



### कुरुक्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में बोले मुख्यमंत्री सैनी

# विपक्ष मुद्दाविहीन, जबकि भाजपा के पास विकसित भारत का लक्ष्य

- नवीन जिंदल के भाजपा प्रत्याशी बनते ही कांग्रेस ने हार मानी
- सीएम ने कार्यकर्ताओं से नवीन जिंदल को रिकार्ड मतों से जिताने का आह्वान किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़/ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सीएम सैनी का स्वागत करते राज्य मंत्री सुधा व साथ में भाजपा प्रत्याशी जिंदल।



कैथल। कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकरते सीएम सैनी, नवीन जिंदल व अन्य।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नवीन जिंदल को भाजपा का प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस ने माथा पकड़ लिया है और मतदान से पहले ही कांग्रेस ने हार मान ली है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, जबकि भाजपा के पास विकसित भारत और विकसित हरियाणा का लक्ष्य है। नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं से नवीन जिंदल को रिकार्ड मतों से जिताने का आह्वान किया। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी कुरुक्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के साथ कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यकर्ता मिलन समारोह में पहुंचे थे। नवीन जिंदल ने भी भाजपा का कुरुक्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवीन जिंदल को कमल का फूल देकर कुरूक्षेत्र भेजा है, इसलिए नवीन जिंदल को रिकॉर्ड तोड़ मतों से जिताकर संसद भेजेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने देश और प्रदेश में अनेकों ऐतिहासिक काम किए हैं। मोदी सरकार ने गरीब कल्याण की नीतियों से जहां गरीबों का जीवन स्तर उंचा उठाया, वहीं हर घर नल से जल और उज्जवला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन देकर महिलाओं का जीवन सरल बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश को एक नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि कुरूक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे ट्रैक तीव्र गति से बन रहा है, जिससे फाटक बंद होने की समस्या से लोगों को छुटकारा मिल पाएगा। 250 करोड़ रुपए के थीम प्रोजेक्ट का कार्य किया गया है।

## भ्रष्टाचार में 'आप' कांग्रेस से भी चार कदम आगे निकली: नायब सैनी

- कैथल में अभिनंदन समारोह में सीएम के निशाने पर रही कांग्रेस और आप

कैथल। कैथल में अपने अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री मोदी जैसा ताकतवर व्यक्तित्व ही ले सकता है। भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा भी मोदी ही कर सकते हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी निशाने पर लिया। आम आदमी पार्टी की सरकार में हुए भ्रष्टाचार पर तंज कसते हुए नायब सैनी ने कहा कि भ्रष्टाचार किया है तो ईडी सवाल तो पूछेगी ही। मंगलवार को कैथल में मुख्यमंत्री नायब सैनी और भाजपा के कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल के स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह में नवीन जिंदल का हाथ पकड़कर ऊपर उठाते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उपस्थित जनसमूह से नवीन जिंदल को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया।


### राज्यपाल की ओर से जारी हुए आदेशों के बाद हटाया गया

## हरियाणा बाल कल्याण परिषद महासचिव पद से रंजीता की छुट्टी



चंडीगढ़। आखिरकार कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आई पंचकूला की नेत्री रंजीता मेहता को हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद (एचएससीसीडब्ल्यू) पद से हटा दिया गया है। इस आशय के आदेश राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय की ओर से जारी किए गए हैं। बताया गया है कि रंजीत की नियुक्ति 13 मई 2022 को आदेश जारी कर की गई थी। उन आदेशों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाता है। जिसके बाद में हरियाणा राज्य का महिला एवं बाल कल्याण विभाग इसका कामकाज देखेगा। यहां पर बता दें कि कांग्रेस में रही रंजीता मेहता पंचकूला की रहने वाली हैं। पूर्व सीएम मनोहरलाल के आशीर्वाद से रंजीता मेहता यह पद पा गई थीं लेकिन बदलाव की बयार में उनको भी हटा दिया गया है। वैसे, कांग्रेस से आने वाली रंजीता मेहता को लेकर भाजपा और संघ की बड़ी लाबी खुश नहीं थी। हटाए जाने की सूचना सियासी गलियारों में बहुत ही तेजी से वायरल हो रही है।

## पूर्व सीएम मनोहरलाल विज से मिले, गिले शिकवे दूर किए



अंबाला। पूर्व सीएम मनोहर लाल व पूर्व गृहमंत्री अनिल विज के रश्तिों में आई खटास अब कम होती दिख रही है। प्रदेश में सीएम बदले जाने के बाद से विज लगातार पूर्व सीएम मनोहर लाल पर हमलावर थे। सोमवार को पूर्व सीएम मनोहर लाल पूर्व गृहमंत्री विज के आवास पर पहुंचे। यहां दोनों नेता गले मिले और होली की शुभकामनाएं दी। इस मुलाकात से एक दिन पहले ही हिसार में अनिल विज ने कहा था कि मुझे जानकारी नहीं थी कि हमारा मुख्यमंत्री बदला जाएगा। मनोहर लाल को सब कुछ पता था। यह पूरा खेल उनका ही था। वरिष्ठ मंत्री होते हुए मनोहर लाल ने इस बात की जानकारी उसे नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा था कि उसे इस बात का बेहद दुख है। वहीं, मुलाकात पर पूर्व सीएम ने कहा, विज से कोई नाराजगी नहीं है।

## सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी जजपा

- पीएसी की बैठक में फैसला

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने तय किया है कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा। दिल्ली में हुई पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक में लोकसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि पार्टी सभी दस लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। बैठक में सुझाव आया कि पार्टी को हरियाणा के अलावा राजधानी चंडीगढ़ की लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ने की संभावना तलाशनी चाहिए जिस पर वरिष्ठ नेताओं ने सहमति जताई। जेजेपी पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी ने चर्चा की।

## ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरपयोग कर रही भाजपा: सैलजा

चंडीगढ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तराखंड की प्रभारी सैलजा ने कहा कि हिंदुस्तान एक ऐसा देश बन चुका है, जहां सरकारी तंत्र की चाबियां भाजपा के हाथ में हैं, यहां ईडी, आईटी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का उपयोग निजी लाभ के लिए किया जा रहा है। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने इन संस्थाओं का इस्तेमाल प्राइवेट कंपनियों से वसूली के लिए किया है। योजनाबद्ध तरीके से किया गया यह भ्रष्टाचार लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा बनता जा रहा है।

## मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग ने शुरू किए कई मोबाइल एप

चंडीगढ़। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने का कहना है कि सूचना प्रौद्योगिकी के युग में 18वें लोस आम चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं, राजनीतिक पार्टियों और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सुविधा के लिए भारत के चुनाव आयोग ने कई मोबाइल एप शुरू किए हुए हैं। जिनका प्रयोग कर कोई भी चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी समस्या का निवारण करवा सकता है। चुनाव प्रबंधों को लेकर अग्रवाल विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।


## छोटू राम बहुतकनीकी, रोहतक

Phone No. 01262-274667

**अध्यनरत छात्र/छात्राओं व उनके अभिभावकों के सूचनार्थ**

इस संस्थान में अध्यनरत छात्र/छात्राओं व उनके अभिभावकों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने सुपुत्र/सुपुत्री की उपस्थिति संस्थान में सुनिश्चित करें अन्यथा उनकी उपस्थिति कम होने पर नियमानुसार उन्हें स्टेट बोर्ड की परीक्षाओं में नहीं बैठने दिया जाएगा और नियमित रूप से अनुपस्थित रहने पर उनका नाम संस्थान से काट दिया जाएगा। जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में अध्यनरत छात्र/छात्राओं व उनके अभिभावकों की प्रथम, द्वितीय व तृतीय अभिभावक-शिक्षक मीटिंग दिनांक **28/03/2024 व 02/05/2024 व 05/06/2024** को क्रमशः संस्थान में होगी। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि निर्धारित दिन को संस्थान में आकर अपने बच्चों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक स्थिति बारे में विवरण प्राप्त करें। अभिभावक इसे अति महत्वपूर्ण समझें व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

(डॉ सुभाष दहिया)
प्रधानाचार्य


# हिसार में देवीलाल के कुनबे के बीच होगा चुनावी घमासान

### दुष्यंत को छोड़कर देवीलाल परिवार के लिए बंजर रही हिसार की सियासी भूमि

- भाजपा से रणजीत चौटाला, इनेलो से सुनैना होगी उम्मीदवार, जजपा से नैना के भी उतरने की संभावना
- 1984 में ओमप्रकाश चौटाला व 1998 में रणजीत सिंह हिसार से लड़ चुके हैं चुनाव, दोनों भाइयों को नहीं हुई जीत नसीब

महाबीर गोदारा ▶▶| सिरसा

लोकसभा चुनाव को लेकर हिसार संसदीय क्षेत्र से सत्तारूढ़ भाजपा ने पूर्व उप प्रधानमंत्री स्व. चौ. देवीलाल के बेटे बिजली मंत्री रणजीत सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया है। इस बार देवीलाल परिवार का कुनबा ही हिसार संसदीय क्षेत्र में एक-दूसरे को ललकारता नजर आएगा। प्रदेश के सियासी इतिहास में इससे पहले भी देवीलाल परिवार की दूसरी से चौथी पीढ़ी तक कई बार आमने-सामने हो चुकी है। पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को छोड़कर हिसार लोकसभा की सियासी जमीन देवीलाल परिवार को रास नहीं आई है। 2014 में युवा दुष्यंत ने पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई को हराकर देवीलाल परिवार को पहली जीत दिलाई थी। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही एक बार फिर देवीलाल परिवार की दूसरी व तीसरी पीढ़ी आमने-सामने ललकारती नजर आएगी। भाजपा ने सबको चौकाते हुए रानियां से निर्दलीय विधायक एवं सरकार में बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत सिंह को हिसार से मैदान में उतार दिया।

### रणजीत चौटाला 1998 में भी भाग्य अजमा चुके

रणजीत चौटाला इससे पहले 1998 में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़े थे और वे लोकदल के सुरेंद्र बरवाला से बुरी तरह हारते हुए चौथे नंबर पर रहे। एक बार फिर रणजीत सिंह भाजपा की टिकट पर चुनावी मैदान में उतरे हैं। उधर, इनेलो से सुनैना चौटाला भी हिसार से ताल ठोकेगी। हालांकि अभी तक पार्टी ने आधिकारिक रूप से उनकी उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की है, लेकिन सुनैना ने हिसार में वोटरों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। सुनैना चौटाला हिसार लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उकलाना विधानसभा के गांव दौलतपुर लांबा की बेटी है और हिसार में ही शिक्षा हासिल की है।

### नैना चौटाला के चर्चाएं तेज

इसके अलावा जजपा से पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला को भी हिसार लोकसभा से उतारे जाने की चर्चाएं जोरों पर हैं। बाडढ़ा से नैना चौटाला विधायक है और उनका पैतृक गांव दड़ोली भी हिसार लोकसभा के अंतर्गत पड़ने वाले आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है। नैना व सुनैना रिश्ते में जेठानी-देवरानी हैं और दोनों की शिक्षा हिसार के कॉलेज में ही हुई है। हिसार लोकसभा के सियासी समीकरण अब रोचक होते जा रहे हैं। देवीलाल परिवार की अब दूसरी व तीसरी पीढ़ी के बीच हिसार में सियासी जंग होगी। कांग्रेस किसे उम्मीदवार बनाती है, इस पर भी सबकी नजरें टिकीं हुई हैं। हरियाणा बनने से लेकर अब तक सियासी इतिहास पर चर्चा करें तो देवीलाल परिवार के लिए यह जमीन बंजर ही रही है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जीन्द

**रपट नम्बर 18 दिनांक 20.03.2024 धारा 174 द.प्र.स. थाना उचाना, जिला जीन्द**

**नाश की पहचान बारे**



नामपता नामालूम व्यक्ति उम्र करीब 50 साल की नाश मिली है जिसे नागरिक हस्पताल नरवाना में पहचान के लिए रखा गया है। नाश का हुलिया- कद 5 फुट 7 इंच, गोल चेहरा बदन पर काले रंग की गोल गले की टी-शर्ट व नीले रंग की शर्ट पहने है। इसके बारे कोई व्यक्ति प्रबन्धक अफसर थाना 8814011513 व इंचार्ज पुलिस चौकी उचाना मंडी 8814011529 पर सूचना दे सकता है।

**प्रबन्धक अफसर, थाना उचाना**

पीआरडीएच-1084/11/2249/2024/26037/88/6 दि. 26.03.24

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

**जन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा राजपत्र में प्रकाशित प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचना संख्या 2892 (अ) दिनांक 24.06.2022 के नियमानुसार तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदनोपरान्त हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–152डी के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 227.020 (लम्बाई 227.020 कि.मी.) के उपयोग हेतु 15 "शुल्क प्लाजा"–(1) पबनावा (जिला कुरूक्षेत्र), (2) चन्दलाना/कौल (जिला कैथल), (3) मोहना (जिला कैथल), (4) खेड़ी शर्फ अली (जिला करनाल), (5) बाहरी (जिला करनाल), (6) अमरावली खेड़ा (जिला जीन्द), (7) चाबरी (जिला जीन्द), (8) किलाजफरगढ़ (जिला जीन्द), (9) बैंसी (जिला रोहतक), (10) खरखड़ा (जिला रोहतक), (11) खेरड़ी (जिला रोहतक), (12) दादरी (जिला चरखी दादरी), (13) बूचावास (जिला महेन्द्रगढ़) (14) भालखी (जिला महेन्द्रगढ़) एवं (15) जाट गुवाना (जिला महेन्द्रगढ़) पर संशोधित दरें दिनांक 01.04.2024 से लागू होगी जिसे नीचे दिये गये QR Code पर स्केन कर देखा जा सकता है।

राजमार्ग खण्ड पर बहुयात्राओं हेतु पास निम्नलिखित दरों पर जारी किए जाएगें, अर्थात

| संदेय राशि | अनुमत्य एकतरफा यात्राओं की अधिकतम संख्या | वैधता अवधि |
|---|---|---|
| एक तरफा यात्रा के लिए शुल्क का डेढ़ गुना* | दो | भुगतान के समय से चौबीस धंटे |
| पचास एकल यात्राओं के लिए भुगतान योग्य शुल्क की राशि का दो–तिहाई | पचास | भुगतान के समय से एक माह |

*बशर्ते कि वापसी यात्रा करते समय प्रयोक्ता एक ही शुल्क प्लाजा से प्रवेश और निकास करता है।

परियोजना निदेशक
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पी.आई.यू.–भिवानी


सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

कॉन्सेप्ट

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 59 दिनांक 21.03.2024 धारा 346 IPC थाना आर्य नगर जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम**- सन्नी
**पिता/पति का नाम** – पुत्र जगदीश कुमार
**पता**- जगदीश कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 33 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, फुर्तिला शरीर, काले बाल, काली आंखे।
**पहनावा** - सफेद रंग की शर्ट व जीन्स की पैन्ट पहने हुए है।

दिनांक 21.03.24 को सन्नी पुत्र जगदीश कुमार निवासी जगदीश कालोनी नजदीक शिक्षा भारती स्कूल रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक- 7082999118
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आर्य नगर रोहतक- 7015596082

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 157 दिनांक 21.03.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम**- राहुल
**पिता/पति का नाम**- पुत्र रहीम
**पता**- एकता कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 15 वर्ष
**कद**- 4 फुट 5 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, कमर पर पुरानी चोट का निशान, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - पीली कमीज व काले रंग की लोवर व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 21.03.21 को राहुल पुत्र रहीम निवासी एकता कालोनी रोहतक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए खेलते खेलते अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8708457318

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 90 दिनांक 23.03.24 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम**- नैन्सी
**पिता/पति का नाम** – पुत्री ऋषिपाल
**पता** - गांव बखेता जिला रोहतक।
**उम्र**- 18 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुआं, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट फुर्तिला शरीर, काले बाल काली आंखे, माथे पर चोट का निशान।
पहनावा - सफेद शर्ट व नीली पैंन्ट जीन्स व पैरों में जूते पहने हुए है।

दिनांक 23.03.24 को नैन्सी पुत्री ऋषिपाल निवासी गांव बखेता थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक- 9468079674

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 63 दिनांक 23.03.2024 धारा 365 IPC थाना सिविल लाईन जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम**- रुपा
**पिता/पति का नाम** - पुत्री मिशोरी साहिनी
**पता** - दुर्गा कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 17 वर्ष
**कद**- 5 फुट 3 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला फुर्तिला शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - हरे रंग की साडी व पैरों में सैण्डल पहने हुए है।

दिनांक 23.03.24 को रुपा पुत्री मिशोरी साहिनी निवासी दुर्गा कालोनी थाना सिविल लाईन जिला रोहतक बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है। तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक- 9813295713

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 64 दिनांक 23.03.2024 धारा 346 IPC थाना सिविल लाईन जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम**- सोनिया अपने बच्चे साहास 2 साल
**पिता/पति का नाम** - पत्नी तिलक
**पता** - माडल टाऊन जिला रोहतक।
**उम्र**- 22 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट फुर्तिला शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - नीला सूट व सफेद पाजामा व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 23.03.24 को सोनिया पत्नी तिलक निवासी माडल टाऊन जिला रोहतक थाना सिविल लाईन जिला रोहतक अपने बच्चे साहास 2 साल को अपने साथ लेकर बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईनरोहतक- 9518204544

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 163 दिनांक 23.03.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम**- सुरेश
**पिता/पति का नाम** - पुत्र चन्द्रभान
**पता** - एकता कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 36 वर्ष
**कद**- 5 फुट 3 ईच
**हुलिया**- रंग काला, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - नीली चैकदार शर्ट व सफेद पैन्ट व पैरों में जूते पहने हुए है।

दिनांक 23.03.24 को सुरेश पुत्र चन्द्रभान निवासी एकता कालोनी जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चला गया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8708726214

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 165 दिनांक 23.03.2024 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम**- अन्जू
**पिता/पति का नाम** - पुत्री नरेश
**पता**- गांव पहरावर जिला रोहतक।
**उम्र**- 18 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - सफेद शर्ट काली जीन्स की पेन्ट व पैरों में जूते पहने हुए है।

दिनांक 23.03.24 को अन्जू पुत्री नरेश निवासी गांव पहरावर थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चली गयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 94665-88498

पीआरडीएच-1084/11/2248/2024/26036/88/6 दि. 26.03.24

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर लगने से किसान की मौत

**कैथल।** गांव खनौदा निवासी अंकित ने शिकायत दी कि 24 मार्च को शाम के समय वह और उसका पिता पोलू फरल से खनौदा सडक पर अपने खेत की देखरेख में खड़े थे। उस समय फरल की तरफ से एक गाड़ी चालक अपनी गाड़ी को तेजगति व लापरवाही से चलाता हुआ आया उसके पिता पोलू राम को सीधी टक्कर मार दी। इससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। वे पिता को कैथल के एक निजी अस्पताल में लेकर गए, जहां उसके पिता की मौत हो गई।

### ईंट-भट्ठे पर काम करने वाली महिला से दुष्कर्म

**खरखौदा।** क्षेत्र के ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने वाली एक महिला के साथ एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने बताया कि जब वह रात का खाना बना रही थी, इसी दौरान युवक सुभान आया और कहने लगा कि उसके पति की दुर्घटना हो गई है। जब वह उस युवक के साथ बताई गई जगह पर पहुंची तो वहां कोई नहीं था। युवक ने उसके साथ मारपीट की और दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### जेबीटी टीचर को भतीजे ने गोली मारी

**पानीपत।** समालखा कस्बे की पंचवटी कॉलोनी में जेबीटी टीचर वीरेंद्र को उसके सगे भतीजे रिंकू गोली मारकर घायल कर दिया। वहीं परिजनों ने वीरेंद्र को पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है जहां ऑपरेशन कर उनके पेट में फंसी गोली को निकाला गया। इधर थाना समालखा पुलिस ने रिंकू के खिलाफ हत्या की चेष्टा के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। वहीं आरोपी रिंकू फरार है।

### कबड्डी में बनाया नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**चंडीगढ़।** विश्व कबड्डी दिवस के अवसर पर आज भारत ने 128 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर एक नया इतिहास रचा। यह इतिहास पंचकूला ज़िला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में लिखा गया है। इस आयोजन में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास प्रातः 11 बजे गिनीज टीम के निर्णायकों की उपस्थिति में आरंभ हुआ और तीन घंटे के लगातार खेल के बाद, दोपहर 2 बजे 128 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ पूरा हुआ।

### नए आइडिया खोजते रहें युवा : कुलपति

**चंडीगढ़।** फ़रीदाबाद स्थित जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के आईपीआर, इनोवेशन, इनक्यूबेशन और स्टार्टअप डिवीजन और प्रबंधन अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता शिखर सम्मेलन-2024 का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने युवाओं को अपने आसपास नये आइडिया खोजने तथा सतत पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित भी किया।

# नवीन जिंदल के कुरुक्षेत्र लोकसभा से उम्मीदवार घोषित होने से बेहद रोचक हुआ मुकाबला

- 2004 में कांग्रेस प्रत्याशी रहे नवीन जिंदल ने इनेलो के अभय चौटाला को मात दी थी


नवीन जिंदल


अभय चौटाला


डा. सुशील गुप्ता

- 20 साल बाद फिर आमने-सामने होंगे नवीन जिंदल व अभय चौटाला

तरूण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सांसद नवीन जिंदल को कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी घोषित किया है। यहां से इनेलो के राष्ट्रीय महासचिव अभय चौटाला व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता पहले से ही मैदान में डटे है।

भाजपा, इनेलो व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुरुक्षेत्र के चुनावी रण में उतरने से अब कुरुक्षेत्र लोस का चुनाव बेहद ही रोचक होगा। 20 साल बाद नवीन जिंदल व अभय चौटाला फिर से चुनावी रण में आमने-सामने होंगे। वर्ष 2004 में कांग्रेस प्रत्याशी रहे नवीन जिंदल ने इनेलो के अभय चौटाला को मात दी थी। उन्होंने 3,62,054 वोट हासिल किए थे जबकि अभय चौटाला को 2,01,864 वोट मिल पाए थे। 2009 के चुनाव में फिर कांग्रेस प्रत्याशी रहे नवीन जिंदल ने इनेलो के अशोक अरोड़ा को हराया था। जिंदल ने 3,97,204 वोट हासिल किए थे, जबकि अशोक अरोड़ा को 2,78,475 वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में जिंदल फिर मैदान में उतरे थे और वे तीसरे नंबर पर रहे। इस चुनाव में भाजपा के राजकुमार सैनी 418,112 वोट लेकर सांसद बने थे।

### नवीन जिंदल दो बार रह चुके सांसद

नवीन जिंदल वर्ष 2004 और 2009 में दो बार कुरुक्षेत्र लोकसभा से कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से नवीन जिंदल के पिता ओपी जिंदल भी 1996 में हरियाणा विकास पार्टी से सांसद बने थे। अब नवीन जिंदल के भाजपा में शामिल होने और कुरुक्षेत्र लोस से प्रत्याशी घोषित किए जाने से दूसरे दलों के समीकरण गड़बड़ाते दिख रहे हैं। अब कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में नवीन जिंदल को जहां अपना राजनीतिक वर्चस्व फिर से कायम करना होगा, वहीं इस क्षेत्र के सांसद और अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए भी यह सीट जिताना प्रतिष्ठा का सवाल होगी। उधर, अभय चौटाला को नवीन जिंदल द्वारा वर्ष 2004 के चुनाव में मिली करारी हार का बदला लेने का इस बार मौका होगा। वही नवीन जिंदल के कुरुक्षेत्र के चुनाव मैदान में आने से इंडिया गठबंधन में आप आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता को भी चुनाव जीतने के लिए एडी चोंटी का जोर लगाना पड़ेगा।

### अब तक चुने गए सांसद

कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट 1977 में अस्तित्व में आई, जिसके बाद जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़े रघुवीर सिंह 1977 से लेकर 1980 तक यहां के सांसद रहे। दूसरी बार जनता पार्टी से मनोहर लाल सैनी 1980 से लेकर 1984 तक सांसद रहे। 1984 में कांग्रेस पार्टी से सरदार हरपाल सिंह यहां से सांसद चुने गए, जो 1989 तक सांसद रहे। इसके बाद फिर गुरदयाल सिंह सैनी जनता दल पार्टी से 1989 से लेकर 1991 तक सांसद रहे। इसके बाद कांग्रेस पार्टी से तारा सिंह 1991 से लेकर 1996 तक सांसद रहे। इसके बाद हरियाणा विकास पार्टी से ओपी जिंदल 1996 से लेकर 98 तक यहां के सांसद रहे। इनके बाद इनेलो से कैलाशो सैनी 1998 से लेकर 1999 तक तथा 1999 से लेकर 2004 तक संसद रही। इसके बाद कांग्रेस से नवीन जिंदल 2004 से लेकर 2009 तक और 2009 से लेकर 2014 तक सांसद रहे। 2014 में यहां पर भारतीय जनता पार्टी से राजकुमार सैनी सांसद चुने गए, जो 2019 तक सांसद रहे। 2019 में भारतीय जनता पार्टी से नायब सैनी सांसद चुने गए।

## वन्यप्राणी विभाग ने कुत्ता-बिल्ली या गीदड़ को बताया हमलावर

# चेलावास गांव में घर के बाहर सो रहे युवक पर जंगली जानवर का हमला

- हमलावर हिंसक जानवर होने की बात पर ग्रामीण सहमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना-अटेली मार्ग पर एसडीएम की ओर से गोद लिए गए गांव चेलावास में रात्रि घर के बाहर सो रहे एक युवक पर अज्ञात जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। युवक को पीजीआईएमएस रोहतक में चिकित्सकों ने उपचार देर रात डिस्चार्ज कर दिया है, लेकिन ग्रामीण भयभीत हैं। कुछ ग्रामीण हिंसक जानवर होने की बात कह रहे हैं, तो वन्य प्राणी विभाग के कर्मचारी कुत्ता-बिल्ली व गीदड़ होने की हवाला दे रहे हैं।

इधर, घायल युवक दीपक जांगिड़ ने बताया कि रात्रि के समय वह घर के बाहर नींद में सोया हुआ था, मध्य रात्रि के समय अचानक अज्ञात जानवर ने उनके चेहरे पर हमला कर दिया। उसने चीख-पुकार की तो कुत्ते की आकृति वाला जानवर पास के खेतों की ओर दौड़ गया।

बाद में लहुलुहान अवस्था में परिजनों ने दीपक को उप नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना कनीना थाना पुलिस व वन्य प्राणी विभाग के कर्मियों को दी। वन्यप्राणी विभाग के कर्मचारी रवि ने मौका देखने के बाद बताया कि युवक पर हमला करने वाला जानवर पगमार्क के अनुसार कुत्ता-बिल्ली या गीदड़ हो सकता है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती आबादी के चलते जंगली जानवरों की अनेक प्रजातियां विलुप्त हो गई हैं, जंगल भी समाप्त हो रहे हैं। कनीना सिटी थाना इंचार्ज निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने भी विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की। जिसमें हिंसक व नरभक्षी जानवर होने की पुष्टि नहीं हुई।

उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। यदि उन्हें जंगली जानवर दिखाई देता है वे पुलिस या वन्यप्राणी विभाग को सूचित करें।


कनीना। पगमार्क का अवलोकन करते वन्य प्राणी विभाग के कर्मी तथा (इनसेट में) अज्ञात जानवर के हमले से घायल हुआ युवक दीपक जांगड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

# फसल निकालते समय थ्रेसर में फंसा श्रमिक, सिर के चिथड़े उड़ने से मौत

- हड़ंबा थ्रेसर से सरसों की फसल निकालते समय हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

नंगली के पास खेतों में हड़ंबा थ्रेसर से सरसों की फसल निकालते समय एक श्रमिक मशीन में चला गया। उसका सिर मशीन के अंदर जाने के बाद चिथड़े-चिथड़े हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया।

फसल निकालने का सीजन शुरू होने के बाद यूपी से श्रमिक आए हुए हैं। इन्हीं श्रमिकों में से एक यूपी के कुंद्रा माजरा निवासी करीब 24 वर्षीय लेखराज भी आया हुआ था। नंगली पेट्रोल पंप के पास एक किसान के खेत में हड़ंबा थ्रेसर से सरसों की फसल निकालने का कार्य चल रहा था। लेखराज मशीन में सरसों धकेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक मशीन के पट्टे के साथ अंदर चला गया। उसका सिर मशीन के अंदर जाने के बाद मशीन बंद हो गई। सिर के चिथड़े उड़ गए। इसी दौरान वहां कार्य कर रहे श्रमिकों ने डायल-112 पर फोन किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शरीर के बचे हुए हिस्से व सिर के अवशेष कब्जे में ले लिए। उन्हें पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक केंद्र बावल लाया गया। पुलिस ने हड़ंबा थ्रेसर मालिक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मशीन को ट्रैक्टर सहित कब्जे में ले लिया। पुलिस श्रमिक के मशीन के अंदर जाने के कारणों की जांच कर रही है।

### मशीन पर गिरा श्रमिक, मौत


बावल। आईएमटी स्थित एक्साइड कंपनी जहां श्रमिक की मौज हुई।

- पत्नी की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज

**रेवाड़ी।** ठेका कंपनी के माध्यम से आईएमटी की एक्साइड कंपनी में मशीन पर काम करते समय गिरकर घायल हुए एक श्रमिक ने गुरूग्राम के अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसकी पत्नी के बयान पर ठेका लेने वाली कंपनी के प्रबंधकों पर केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महाराष्ट्र के मुंगसरा निवासी इमरान हुसैन शेख मुंबई की एरोवेंट प्रोजेक्ट कंपनी के जरिए एक्साइड कंपनी में काम करने के लिए करीब 2 माह पहले आया था। वह ऊंचाई पर लगी मशीन पर काम करते समय 23 मार्च को गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कंपनी प्रबंधन ने उसे पहले रेवाड़ी के एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया। हालत गंभीर होने के कारण उसे गुरूग्राम के एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया। मंगलवार सुबह इमरान ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद कसोला पुलिस ने अस्पताल जाकर शव को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस बयान में मृतक की पत्नी सिमरन इमरान शेख ने बताया कि उसके पति ने फोन पर बताया था कि उसे ऊंचाई पर काम करने से डर लगता है। उससे कंपनी प्रबंधन के अधिकारी ऊंची मशीनों पर कार्य कराते हैं। वह प्रबंधन से सेफ्टी उपकरणों की मांग भी कर चुका है, लेकिन उसे कोई उपकरण मुहैया नहीं कराए गए। उसने आरोप लगाया प्रबंधन की लापरवाही के कारण उसके पति की जान गई है। पुलिस ने कंपनी के एचआर मैनेजर सहित दूसरे प्रबंधकों पर भी गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

# विधायक धर्मसिंह के सभी प्रतिष्ठानों की बिजली काटी

- कांग्रेस विधायक पर 17 लाख रुपये के बिजली बिल बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की समालखा विधानसभा सीट से कांग्रेसी विधायक धर्म सिंह छौक्कर पर बिजली निगम ने कार्रवाई की है।

यहां निगम ने विधायक के 3 बिजली कनेक्शन काट दिए हैं। विधायक पर 17 लाख रुपए के बिल बकाया हैं। बिजली निगम ने उनके आवास, कार्यालय और पेट्रोल पंप के कनेक्शन काटे हैं। करीब 6 माह पहले भी ये कनेक्शन काटे थे। उस समय करीब 2.50 लाख रुपए जमा कराकर उन्होंने कनेक्शन जुड़वा लिए थे। इसके बाद फिर से बिल नहीं भरा। निगम द्वारा बार-बार सूचित भी किया गया, लेकिन विधायक ने निगम की बातों को अनसुना किया। नतीजा, अब उनके कनेक्शन काट दिए गए। समालखा सब डिवीजन के हिम्मत सिंह ने बताया कि विधायक धर्म सिंह छौक्कर के आवास, कार्यालय और पेट्रोल पंप की बिजली लाइनें काटी गई हैं। विधायक के तीन कनेक्शन हैं इनका करीब पांच माह से बिल जमा नहीं हुआ है। विभाग की तरफ से बार-बार नोटिस देने पर भी बिल नहीं जमा किया गया।

विधायक की तरफ से राशि जमा होते ही कनेक्शन जोड़ दिए जाएंगे। इधर, ये बात सामने आ रही है कि विधायक के पेट्रोल पंप और उनके आवास बंद हैं।

आवास पर बस एक सहायक ही रहता है। मामले में कांग्रेस पार्टी के धर्म सिंह छौक्कर की तरफ से इस मामले में कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# हादसे : नहर में नहाने गए दो युवक डूबे, एक का शव बरामद

- दूसरे युवक का नहीं लगा अभी तक कोई सुराग, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में अलग-अलग तीन स्थानों पर दुलहंडी पर्व पर दोस्तों के साथ हांसी ब्रांच तथा अंटा नहर में नहाने गए दो युवक डूब गए। हांसी ब्रांच नहर में डूबे युवक के शव को निकाल लिया गया, जबकि अंटा नहर में डूबे युवक का कोई सुराग नही लगा है। अर्बन एस्टेट निवासी चिराग (26) दुलहंडी पर्व पर अपने आधा दर्जन दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। दोपहर तक खाने-पीने का दौर चला। जिसके बाद वे सैक्टर आठ के साथ हांसी ब्रांच नहर में नहाने चले गए। नहर में उतरते ही चिराग व उसके तीन साथी तैरना न आने के कारण डूबने लगे। दूसरे उनके साथियों ने तीन को तत्काल निकाल लिया। जब तक चिराग को नहर से निकाला जाता, तब तक वह बेसुध हो चुका था। उसे तत्काल उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।


जींद। नहर से युवक को निकालते हुए।

### 12 मार्च को हुई थी शादी

मूलतः गांव कौलखेड़ा करनाल हाल आबाद अर्बन एस्टेट निवासी चिराग अपने परिवार का इकलौता चिराग था और वह प्राइवेट नौकरी करता था। गत 12 मार्च को चिराग की करनाल की युवती से शादी हुई थी। चिराग की मौत ने पूरे परिवार को तोड़ कर रख दिया है।

### दूसरे का नही लगा सुराग

गांव महमूदपुर सोनीपत निवासी सावन (22) दोस्तों के साथ फाग खेलने गांव डिडवाडा आया हुआ था। दोपहर बाद वह अपने दोस्तों के साथ अंटा नहर में नहाने लगा। उसी दौरान वह नहर में डूब गया।

घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और नहर में सर्च अभियान चलाया लेकिन नहर मे डूबे सावन का कोई सुराग नही लगा।

### नहर में डूबने से छात्र की मौत

**यमुनानगर।** होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ दादूपुर हैड पर नहर में नहाते समय दसवीं कक्षा के छात्र की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नहर से शव को बाहर निकालकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मामले में 174 की कार्रवाई के तहत पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक शहर के चिट्टा मंदिर के नजदीक स्थित कॉलोनी निवासी साहिल (16) दसवीं कक्षा का छात्र था। उसकी सालाना परीक्षा चल रही थी। गत सोमवार होली पर्व पर वह अपने करीब दस दोस्तों के साथ दादूपुर हैड पर होली खेलने के लिए चला गया। होली खेलने के बाद साहिल नहर में नहाने लगा तो वह गहरे पानी में डूब गया। मौके पर मौजूद उसके दोस्त लोकेश व विकास ने पानी में छलांग लगाकर किसी तरह साहिल को पानी से बाहर निकाला। उसे बेसुध अवस्था में ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक साहिल के दोस्त लोकेश व विकास ने बताया कि आज मंगलवार को साहिल का दसवीं का अतिंम पेपर था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### जोहड़ में मिला व्यक्ति का शव

रोहतक। गांव जसिया निवासी 2 बच्चों के पिता का शव गांव के जोहड़ में मिला है। जसिया निवासी रवि कुमार ने बताया कि उसके पिता करीब 50 वर्षीय मनोज कुमार 24 मार्च की सुबह करीब 9 बजे उसके ताऊ पूर्ण के साथ घर से मंदिर में गए थे। लेकिन वापस नहीं आए। जब उनके ताऊ से पता किया तो उन्होंने कहा कि उसके पिता यहां से पहले ही जा चुके हैं। गांव के सोमबीर ने बताया कि जोहड़ के पास एक व्यक्ति के जूते मिले हैं। जब जोहड़ पर जाकर देखा तो वे जूते उसके पिता मनोज कुमार के थे। मंगलवार को जोहड़ में ही शव को बरामद कर लिया किया।

## जाटलैंड में सेंध बिना नहीं चलेगा भाजपा का काम

# रोहतक सीट बचाने के लिए बदलनी होगी रणनीति

- जातिगत समीकरण बैठाने पर लगानी होगी ताकत

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

भाजपा ने रोहतक सीट बचाने के लिए सभी संभावनाओं को तलाशने के बाद एक बार फिर से डा. अरविंद शर्मा पर दांव खेल दिया है। पार्टी को इस सीट पर कब्जा बरकरार रखने के लिए जातिगत समीकरण बनाने पर पूरा जोर लगाना पड़ेगा। जाटलैंड के मतदाताओं का साथ मिले बिना भाजपा के लिए इस सीट पर जीत दोहराना आसान नहीं होगा। पिछले विधानसभा चुनावों की तरह अगर इस बार कोसली बड़ा मार्जिन नहीं दे पाया, तो जीत हासिल करने के लिए दूसरे हलकों में भाजपा को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। रोहतक सीट से भाजपा के बाद कांग्रेस भी प्रत्याशी की घोषणा जल्द कर सकती है। अगर दीपेंद्र को मैदान से हटाया गया, तो कोई दूसरा मजबूत नेता मैदान में उतारना होगा। क्योंकि भूपेंद्र सिंह हुड्डा लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर चुके हैं। उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा इस सीट पर वर्ष 2009 और 2014 में सांसद रह चुके हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में मोदी लहर के बावजूद दीपेंद्र के सामने जाट प्रत्याशी के रूप में ओपी धनखड़ थे। अहीर बाहुल्य कोसली हलके ने ओपी धनखड़ का दिल खोलकर साथ दिया थ, लेकिन जाट बाहुल्य हलकों में दीपेंद्र को मिली अच्छी बढ़त ने उन्हें सांसद बना दिया था। गत लोकसभा चुनावों में जातिगत गणित बैठाते हुए भाजपा ने डा. अरविंद शर्मा के रूप में नए गैर जाट प्रत्याशी को मैदान में उतारा था। तमाम सर्वे और पूर्वानुमान लगाते हुए दीपेंद्र की जीत के भाजपा भी सुनिश्चित मान रही थी। भाजपा ने परिणाम आने से पहले 9 सीटों पर ही जीत नजर आ रही थी। अकेले कोसली हलके ने भाजपा की झोली में एकमुश्त वोट डालकर दीपेंद्र की संभावित जीत को हार में बदल दिया था। जाटलैंड में अधिकांश हलकों में जीत के बावजूद कोसली हलके ने कांग्रेस का गणित बिगाड़कर सभी को चौंका दिया था। भाजपा ने इस सीट पर जीत दोहराने के लिए सारे समीकरण बैठाने के बाद डा. शर्मा को बेहतर मानते हुए एक बार फिर से मौका दिया है।


भूपेंद्र सिंह हुड्डा


दीपेंद्र हुड्डा


डा. अरविंद शर्मा

### कोसली पर डोरे डालने पर लगाया जोर

गत लोकसभा चुनावों में अकेले कोसली के कारण दीपेंद्र की हार को देखते हुए पूर्व सीएम हुड्डा और उनके बेटे का शुरू से ही कोसली पर फोकस रहा है। दीपेंद्र को संभावित प्रत्याशी मानते हुए हुड्डा ने इस सीट पर वापसी करने के लिए भाजपा में सेंध लगाने का प्रयास पहले ही कर दिया था। पूर्व मंत्री जगदीश यादव और राव इंद्रजीत सिंह के खास समर्थक अनिल पाल्हावास को कांग्रेस ज्वाइन कराकर हुड्डा और उनके बेटे ने बड़ा गेम खेल दिया था।




### जातिगत समीकरण निभाएगा रोल

इस लोकसभा सीट पर जातिगत फैक्टर एक बार फिर बड़ा रोल अदा करने जा रहा है। जाट वोटों के बिखराव और नॉन जाट वोटों के एकीकरण से ही भाजपा को जीत दोहराने में कामयाबी मिल सकती है। अगर पार्टी को इस बार कोसली में नुकसान होता नजर आता है, तो उसे इसकी भरपाई के लिए दूसरे हलकों में वोट प्रतिशत बढ़ाने पर जोर लगाना पड़ेगा। इसके लिए पार्टी को अपने वह धुरंधर नेता प्रचार मैदान में उतारने होंगे, और कारगर तरीके से जातिगत समीकरण साधने होंगे।

### कैंटर ने 4 बच्चों को कुचला दो की मौत, 2 घायल

**करनाल।** हाईवे पर सेक्टर 4 के निकट एक कैंटर ने 4 बच्चों को कुचल दिया। हादसे में 2 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हैं। राहगीरों ने आरोपी ड्राइवर को मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद उसकी जमकर धुनाई की। लोगों ने आरोप लगाया कि वह नशे में था। इसके बाद घायल बच्चों को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

मृतक बच्चों की पहचान 8 वर्षीय बारिस और राजेंद्र (12) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में श्रवण और गोलू शामिल हैं। दोनों बच्चों की उम्र भी 8 से 12 साल के बीच है। इनकी टांग और हाथ टूट चुके हैं। इन्हें आईसीयू में रखा गया है। चारों बच्चे सुबह खेलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान हाईवे पर पहुंच गए।

जड़ोली गांव निवासी राकेश कुमार ने बताया कि चारों बच्चे सेक्टर-16 स्थित झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं। एक तेज रफ्तार कैंटर आया और बच्चों को कुचलता हुआ आगे बढ़ गया। हम मौके पर पहुंचे तो बच्चे बुरी तरह से तड़प रहे थे। मौके से ही पुलिस को कॉल किया।

# कई समाज के प्रतिनिधि इनेलो में हुए शामिल : अभय चौटाला



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- पत्रकार वार्ता में भाजपा पर जमकर बरसे इनेलो नेता

इनेलो प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा पर जमकर हमला बोला। अनुसूचित जाति वर्ग से जननायक देवी लाल की नीतियों का समर्थक रहा है और इनेलो की विचारधारा से जुड़ा रहा है। इसी कड़ी में धानक और बाल्मिकी समाज के प्रबुद्ध प्रतिनिधियों ने इनेलो में अपनी आस्था व्यक्त की है। धानक समाज प्रधान धर्मबीर डाबला, राजकुमार लाडवाल, ओमप्रकाश लाडवाल, बंसी कायत, कृष्ण लाडवाल, इंद्रजीत बागड़ी, रामधारी इंदौरा, हवा सिंह खनगवाल, भूप सिंह खनगवाल, शंकर डावला, सतपाल राजा, राजेश मोरवाल, बिंटू सोलंकी, अशोक कुमार धानक, संजय धानक, विश्वास, मनजीत छिछड़ाना और बाल्मिकी समाज के प्रधान रवि चौहान, ओम प्रकाश विशाल बाल्मिकी, धीरज बाल्मिकी, राजकुमार और मजहबी सिख समाज के बूटा सिंह, रणजीत सिंह, कावल सिंह, गुरप्रीत सिंह अपने सैकड़ों साथियों के साथ इनेलो में शामिल हुए।

## हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट जारी, मस्क शीर्ष पर

# अब मुंबई में रहते हैं सबसे ज्यादा अरबपति, बीजिंग को पीछे छोड़ा

भाषा ▸▸ मुंबई

■ भारत की आर्थिक राजधानी में है 92 अरबपतियों के आवास, बीजिंग में 91 के

भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई ने अरबपतियों की संख्या के मामले में चीन के बीजिंग को पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक अरबपति मुंबई में रहते हैं। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में कुल 92 अरबपतियों के आवास हैं, जबकि बीजिंग में यह संख्या 91 है। सूची के अनुसार, भारत में 271 अरबपति हैं, जबकि चीन में यह संख्या 814 है। वैश्विक अमीरों की यह सूची भारत में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त करने वाली एक रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आई है। 'भारत में आय और धन असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाले एक पत्र के अनुसार, भारत में शीर्ष एक प्रतिशत आबादी के पास 2023 में 40 प्रतिशत संपत्ति थी, जबकि 2000 की शुरुआत में यह आंकड़ा 22.6 प्रतिशत था।

हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी ने 115 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। अंबानी की संपत्ति में पिछले साल 40 प्रतिशत या 33 अरब डॉलर का इज़ाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक शॉर्ट सेलर की रिपोर्ट के बाद हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में गौतम अडाणी सफल रहे हैं और पिछले साल उनकी कुल संपदा में 62 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

वैश्विक स्तर पर, टेस्ला के मालिक एलन मस्क इस सूची में शीर्ष पर हैं। अंबानी 231 अरब अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 10वें स्थान पर हैं। अडाणी 15वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत ने नए अरबपतियों के मामले में भी चीन को पीछे छोड़ दिया। भारत से सूची में 94 नए नाम शामिल हुए, जबकि चीन से 55 नए नाम शामिल हुए। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों को मात देते हुए भारत की कुल संपदा पिछले साल 51 प्रतिशत बढ़ी है।

# शेयर बाजार में तीन दिनों से जारी तेजी पर विराम, बिकवाली दबाव से सेंसेक्स 362 अंक टूटा

भाषा ▸▸ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 361 अंक से अधिक के नुकसान में रहा। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक तथा आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 361.64 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,470.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 468.91 अंक तक गिर गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 नुकसान में जबकि 10 लाभ में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 92.05 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,004.70 अंक पर बंद हुआ।

निफ्टी के तीस शेयर नुकसान में जबकि 20 लाभ में रहे। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा, जबकि मिडकैप 0.71 प्रतिशत मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की नुकसान में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में ज्यादातर में तेजी का रुख रहा।

अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट सोमवार को नुकसान के साथ बंद हुआ था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 3,309.76 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे थे। 'होली' के अवसर पर सोमवार को शेयर बाजार बंद थे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 86.60 डॉलर प्रति बैरल रहा।

■ पिछले साल से 50% बढ़ी रंग-गुलाल की बिक्री

# होली पर चीन को लगा 10 हजार करोड़ का झटका

नई दिल्ली। इस बार देशभर में होली की बिक्री ने बीते सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वोकल फॉर लोकल की मुहिम ने भी देश में बने प्रॉडक्ट्स को लोगों की पहली पसंद बना दिया है। इस बार भी होली के मौके पर बाजारों में देश में बने प्रॉडक्ट्स की ही बिक्री हुई जिससे देसी कारोबारियों को जमकर मुनाफा कमाने का मौका मिला। व्यापारी संगठन कैट के सर्वे के मुताबिक इस बार लोगों ने त्योहार मनाने के लिए होली के दिन से पहले तक 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की खरीदारी की जो पिछले साल के मुकाबले 50 फीसदी ज्यादा है। अकेले दिल्ली में ही 5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ। पहले भारतीय व्यापारी चीन के सस्ते सामान को मांगते थे, लेकिन 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद से भारत में ग्राहक और व्यापारी चीन के सामान का बायकॉट करने लगे हैं। ऐसे में इस बार भी होली में चीनी सामान बाजार से नदारद रहे, व्यापारियों ने देश में बने रंग-गुलाल, पिचकारी की बिक्री की और लोगों ने भी होली पर देश में बने सामानों पर ही जमकर पैसा खर्च किया। पहले होली के दौरान चीन में बने करीब 10 हजार करोड़ के सामान का देश में आयात किया जाता था जो इस बार एकदम ना के बराबर रहा। इस बार केवल भारत में ही बने हर्बल रंग और गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, चंदन, पूजा सामग्री, कपड़े समेत बाकी सामानों की जमकर बिक्री हुई। इसके अलावा भी मिठाइयां, ड्राई फ्रूट, गिफ्ट आइटम्स, फूल और फल, कपड़े, फ़र्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट, कंज्यूमर ड्युरेबल्स समेत दूसरे उत्पादों की भी ज़बरदस्त मांग रही।

### होली मिलन समारोह ने बढ़ाई बिक्री

हर साल की तरह इस साल भी दिल्ली समेत देशभर में बड़े पैमाने पर होली समारोहों का आयोजन किया गया। इनके आयोजन के लिए बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस, होटलों, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक पार्कों में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दिल्ली में ही छोटे बड़े मिलाकर करीब 3 हजार से ज़्यादा होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। इन्होंने होटल इंडस्ट्री के साथ ही इवेंट उद्योग, कैटरिंग, म्यूजिक से जुड़े कारोबारियों को जमकर फायदा पहुंचाया। क्विक-कॉमर्स प्लेटफार्म्स पर होली पर लोग जिन सामानों को सबसे ज़्यादा ऑर्डर कर रहे थे, उनमें गुलाल, पिचकारी, मिठाई के साथ ही फूल भी शामिल थे। इसके साथ ही लोगों ने नारियल तेल, सफ़ेद टी-शर्ट भी बड़ी संख्या में ऑनलाइन मीडियम से खरीदे।

## चालू खाते का घाटा अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली (भाषा)। देश का चालू खाते का घाटा (कैड) चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछली जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 11.4 अरब डॉलर तथा एक साल पहले 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 16.8 अरब डॉलर था।

शुद्ध एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) प्रवाह अप्रैल-दिसंबर, 2023 में 8.5 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले 2022-23 की इसी अवधि में यह 21.6 अरब डॉलर था। साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार (भुगतान संतुलन आधार पर) में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में छह अरब डॉलर की वृद्धि हुई। जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में इसमें 11.1 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान वस्तु व्यापार घाटा 71.6 अरब डॉलर रहा, जो 2022-23 की इसी तिमाही में 71.3 अरब डॉलर से थोड़ा अधिक है। सॉफ्टवेयर निर्यात, व्यापार और यात्रा सेवाओं के बढ़ने से सेवा निर्यात में सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# रुपया सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा, 33 पैसे चढ़कर 83.28 प्रति डॉलर पर

मुंबई (भाषा)। डॉलर के कमजोर होने तथा एशियाई मुद्राओं में सकारात्मक रुख के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 33 पैसे सुधरता हुआ 83.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख और कच्चे तेल कीमतों में तेजी के कारण रुपये का लाभ सिमट गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.33 प्रति डॉलर पर खुला तथा कारोबार के दौरान 83.26 के दिन के उच्चतम स्तर तथा 83.37 प्रति डॉलर के दिन के निचले स्तर को छूने के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले 33 पैसे की मजबूती के साथ 83.28 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र (शुक्रवार) में रुपया 48 पैसे की गिरावट के साथ 83.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। होली के मौके पर सोमवार को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद रहा था। रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा था कि 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.39 अरब डॉलर बढ़कर 642.49 अरब डॉलर हो गया।

## सोना 100 रुपये टूटा, चांदी में 250 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली (भाषा)। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 250 रुपये की गिरावट के साथ 77,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 77,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में सोने का हाजिर भाव (24 कैरेट) 66,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर चल था, जो पिछले बंद भाव से 100 रुपये की गिरावट है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,173 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से चार डॉलर की गिरावट है। चांदी भी मामूली गिरावट के साथ 24.63 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

■ कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि यह योजना मोदी सरकार के 'सुर्खियां प्रबंधन' वाले नीति निर्धारण को सही ढंग से प्रतिबिम्बित करती है

# कांग्रेस ने अटल पेंशन योजना को 'कागजी शेर' बताया

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मंगलवार को अटल पेंशन योजना को ''कागजी शेर'' करार देते हुए मोदी सरकार पर निशाना साधा तथा आरोप लगाया कि यह ''बहुत ही खराब तरीके से तैयार की गई योजना' है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि यह योजना मोदी सरकार के 'सुर्खियां प्रबंधन' वाले नीति निर्धारण को सही ढंग से प्रतिबिम्बित करती है, जिसका वास्तव में कुछ लाभ ही लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधने के लिए एक खबर का हवाला दिया जिसमें दावा किया गया है कि असंगठित क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार की अटल पेंशन योजना (एपीवाई) से बाहर निकलने वाले तीन ग्राहकों में से लगभग एक ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उनके खाते उनकी अनुमति के बिना खोले गए थे। इस खबर में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के हालिया अध्ययन का हवाला दिया गया है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''वित्त मंत्री (निर्मला सीतारमण) 24 मार्च को बेंगलुरु में थीं, जहां वह मोदी सरकार द्वारा 'प्रमुख सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम' के रूप में शुरू की गई अटल पेंशन योजना के फायदों की घोषणा कर रही थीं।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''सिर्फ एक दिन बाद, यह सामने आया कि इस योजना के एक तिहाई ग्राहकों को अधिकारियों द्वारा उनकी 'स्पष्ट' अनुमति के बिना योजना में नामांकित किया गया था।'' रमेश ने दावा किया कि ग्राहकों के लिए रिटर्न की राशि बहुत आकर्षक नहीं है क्योंकि यह एक निश्चित आय पेंशन है, जो बढ़ती कीमतों के साथ अपना मूल्य खो देती है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अटल पेंशन योजना एक बहुत ही खराब तरीके से तैयार की गई योजना है तथा यह एक 'कागजी शेर' है जिसके लिए अधिकारियों को लोगों को धोखा देने और इसमें भाग लेने के लिए मजबूर करने की आवश्यकता पड़ती है।

# सीतारमण ने अटल पेंशन योजना पर कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया



नई दिल्ली (भाषा)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कांग्रेस के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि अटल पेंशन योजना (एपीवाई) बेहतर व्यवहार विकल्प के आधार पर डिजायन की गई है और यह न्यूनतम आठ प्रतिशत रिटर्न की गारंटी देती है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अटल पेंशन योजना को सर्वोत्तम विकल्प के आधार पर डिजायन किया गया है ताकि ग्राहक द्वारा विकल्प नहीं चुनने तक स्वचालित रूप से प्रीमियम भुगतान जारी रहे। यह एक सुविचारित और लाभकारी सुविधा है जो ग्राहकों के सर्वोत्तम हित में है।'' उन्होंने कहा कि लोगों को हर साल योजना जारी रखने का निर्णय लेने के बजाय, छोड़ने का निर्णय लेना होगा, इससे उनमें से कई लोग सही निर्णय लेते हैं और अपनी सेवानिवृत्ति के लिए बचत करते हैं। रमेश पर हमला करते हुए सीतारमण ने कहा कि उन्होंने गारंटीकृत पेंशन योजना पर तथ्यों की जांच करने की जहमत नहीं उठाई। उन्होंने कहा, ''मौजूदा ब्याज दरों और रिटर्न की परवाह किए बिना एपीवाई के तहत न्यूनतम रिटर्न भारत सरकार द्वारा कम से कम आठ प्रतिशत होने की गारंटी है। यह एक आकर्षक गारंटी वाला न्यूनतम रिटर्न है।''

## वित्तीय क्षेत्र को मजबूत, पारदर्शी बना रहे हैं आरबीआई के कदमः एसएंडपी

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्तीय क्षेत्र में संचालन व्यवस्था और पारदर्शिता में सुधार के लिए गंभीर प्रतिबद्धता दिखा रहा है और उसके उपाय बैंकों को अधिक मजबूत और पारदर्शी बना रहे हैं। साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही। रिजर्व बैंक के हाल के उपाय वित्तीय संस्थानों के अति-उत्साह को कम करेंगे, नियमों के अनुपालन की संस्कृति को बढ़ाएंगे और ग्राहकों के हितों की रक्षा करेंगे। हालांकि, इससे संस्थानों के लिए पूंजी लागत भी बढ़ेगी। आरबीआई के उपायों में आईआईएफएल फाइनेंस लि. और जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स लि. को क्रमशः स्वर्ण कर्ज और शेयरों के बदले ऋण देने से रोकना शामिल है। इसके अलावा, आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) को नये ग्राहकों को जोड़ने से भी मना किया है। एसएंडपी के अनुसार, आरबीआई ने बार-बार तकनीकी गड़बड़ी के बाद दिसंबर, 2020 में एचडीएफसी बैंक को नये क्रेडिट कार्ड ग्राहकों को लेने से रोका था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ये कदम नियमों के उल्लंघनों को लेकर लगाये जाने वाले नाममात्र के वित्तीय जुर्माने से अलग हैं। एसएंडपी ग्लोबल क्रेडिट विश्लेषक गीता चुघ ने कहा, ''आरबीआई ने वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया है।

**सूचना**

मैं, धर्मबीर पुत्र श्री धुप राम निवासी गांव व डाकखाना बोहर, पाना भोपान, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपक मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## एसपी समूह ने गोपालपुर बंदरगाह अडाणी पोर्ट्स को बेचा

नई दिल्ली। शापूरजी पालोनजी समूह ने गोपालपुर बंदरगाह को अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड को 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर बेचने की मंगलवार को घोषणा की। ओडिशा में निर्माणाधीन गोपालपुर बंदरगाह को एसपी समूह ने 2017 में अधिग्रहीत किया था। वर्तमान में, यह दो करोड़ टन सालाना ढुलाई संभालने में सक्षम है। समूह ने बयान में कहा कि बंदरगाह ने हाल ही में ग्रीनफील्ड एलएनजी पुनर्गैसीकरण टर्मिनल स्थापित करने के लिए पेट्रोनेट एलएनजी के साथ अनुबंध किया है। गोपालपुर बंदरगाह की बिक्री पिछले कुछ महीनों में एसपी समूह का दूसरा बंदरगाह विनिवेश है। समूह ने इससे पहले महाराष्ट्र में अपने धरमतार बंदरगाह को 710 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को बेच दिया था।

## यूएस के ईवी प्रोजेक्ट्स को डब्ल्यूटीओ में चुनौती देगा चीन

बीजिंग (एपी)। चीन ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) पर अमेरिका की सब्सिडी को लेकर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत दर्ज कराई है। चीन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यदि महत्वपूर्ण खनिज या अन्य बैटरी कलपुर्जे चीनी, रूसी, उत्तर कोरियाई या ईरानी कंपनियों द्वारा बनाए गए हों तो इस साल से अमेरिकी कार खरीदार 3,750 डॉलर से 7,500 डॉलर के कर क्रेडिट के लिए पात्र नहीं होंगे। यह क्रेडिट 2022 के एक कानून का हिस्सा है जिसपर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हस्ताक्षर किए हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने ऑनलाइन मंच पर जारी बयान में कहा कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्रतिक्रिया के नाम पर अमेरिका ने नई ऊर्जा वाहनों के लिए भेदभावपूर्ण सब्सिडी नीतियां बनाई हैं।

## खबर छापने पर सुनवाई :पूर्व निषेधाज्ञा का अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रभाव : कोर्ट

नई दिल्ली (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालतों को अपवाद वाले मामलों को छोड़कर किसी समाचार के प्रकाशन के खिलाफ एक पक्षीय निषेधाज्ञा जारी नहीं करनी चाहिए क्योंकि इसका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जानकारी प्राप्त करने के लोगों के अधिकार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया समूह 'ब्लूमबर्ग' को 'जी एन्टरटेनमेंट' के खिलाफ कथित अपमानजनक समाचार हटाने का निर्देश देने संबंधी निचली अदालत के आदेश को निरस्त करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि सामग्री के प्रकाशन के खिलाफ निषेधाज्ञा पूर्ण सुनवाई के बाद ही जारी की जानी चाहिए।

## भारत ने चीन से एल्युमीनियम फॉयल के आयात की डंपिंग रोधी जांच की शुरू

नई दिल्ली। भारत ने घरेलू कंपनियों की शिकायत के बाद खाद्य उत्पादों के लिए पैकेजिंग सामग्री के रूप में इस्तेमाल होने वाले एल्युमीनियम फॉयल के चीन से आयात की डंपिंग रोधी जांच शुरू की है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) एल्यूमीनियम फॉयल की कथित डंपिंग की जांच कर रहा है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, श्याम सेल एंड पावर लिमिटेड, श्री वेंकटेश्वर इलेक्ट्रोकास्ट, रवि राज फॉयल्स, जीएलएस फॉयल्स प्रोडक्ट और एलएसकेबी एल्युमीनियम फॉयल्स ने जांच की मांग करते हुए घरेलू उद्योग की ओर से आवेदन दायर किया था। उन्होंने चीन से उत्पाद की डंपिंग का आरोप लगाया है। निदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा कि आवेदकों ने आयात के कारण घरेलू उद्योग को हुए नुकसान के संबंध में प्रथम दृष्टया साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे
फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) ने ग्रेजुएशन समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया





■ प्रिंसिपल सुश्री श्वेता मिश्रा ने नन्हे-मुन्ने स्नातकों को बधाई दी

नई दिल्ली। सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल, ग्रेटरनोएडा (पश्चिम) ने शनिवार, 23 मार्च, 2024 को अपना दूसरा ग्रेजुएशन समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया । फुलवारी स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री मंजरी सिन्हा और सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूलकी चेयरपर्सन सुश्री सत्य भामा सिंह सहित विशिष्ट अतिथियों की प्रेरक उपस्थिति ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसके बाद गणेश वंदना के माध्यम से ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। ग्रेजुएशन समारोह में विभिन्न प्रस्तुतियाँ शामिल थीं जिनमें विभिन्न भाषाओं में मेहमानों और अभिभावकों का स्वागत करना, नृत्य प्रदर्शन, दिल को छू लेने वाला कृतज्ञता ज्ञापन, किंडर गार्टन के नन्हे-मुन्ने स्नातकों का अभिनंदन आदि शामिल था। यह मुस्कुराहटों, तालियों और गर्व से भरा एक दिल छू लेने वाला यादगार कार्यक्रम था। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान हुये किंडरगार्टन छात्रों के विकास का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुश्री श्वेता मिश्रा ने नन्हे-मुन्ने स्नातकों को बधाई दी और उनके अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल अत्यंत सकारात्मक था और सभी उपस्थित लोग किंडर गार्टन स्नातकों की उपलब्धियों से गौरवान्वित और प्रेरित महसूस कर रहे थे । कार्यक्रम का समापन हेडमिस्ट्रेस सुश्री स्वाति गोस्वामी द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया और नन्हे स्नातकों के माता-पिता को उनके समर्पण और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

# हरियाणा लोक सेवा आयोग

बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

## परिणाम

ईएसआई हैल्थ केयर, श्रम विभाग में चिकित्सा अधिकारी (यों), (ग्रुप-ए (एचसीएमएस-I) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा (विज्ञा. सं. 01/2023) हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 10.12.2023 को आयोजित की गई थी। आयोग ने उक्त विषय ज्ञान परीक्षा के परिणाम को अन्तिम रूप दे दिया है। निम्नलिखित अनुक्रमांक वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु अंतरिम रूप से क्वालीफाईड घोषित किया गया है, बशर्ते कि वे पात्रता की अन्य सभी शर्तें पूरा करते हों। नीचे दर्शाये गये अनुक्रमांक आरोही क्रम में हैं :-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1003 | 1005 | 1007 | 1012 | 1013 | 1020 | 1021 | 1025 | 1033 | 1035 |
| 1038 | 1042 | 1044 | 1046 | 1047 | 1048 | 1051 | 1054 | 1056 | 1059 |
| 1060 | 1061 | 1062 | 1063 | 1065 | 1066 | 1069 | 1070 | 1071 | 1072 |
| 1079 | 1084 | 1086 | 1087 | 1088 | 1091 | 1093 | 1101 | 1104 | 1105 |
| 1107 | 1108 | 1109 | 1110 | 1112 | 1114 | 1116 | 1117 | 1118 | 1119 |
| 1120 | 1121 | 1122 | 1123 | 1129 | 1133 | 1134 | 1138 | 1141 | 1150 |
| 1153 | 1154 | 1155 | 1164 | 1168 | 1170 | 1172 | 1175 | 1178 | 1179 |
| 1184 | 1186 | 1187 | 1191 | 1192 | 1194 | 1195 | 1197 | 1200 | 1201 |
| 1204 | 1205 | 1208 | 1210 | 1211 | 1212 | 1215 | 1218 | 1222 | 1224 |
| 1225 | 1226 | 1227 | 1228 | 1234 | 1235 | 1236 | 1237 | 1242 | 1244 |
| 1250 | 1252 | 1254 | 1258 | 1259 | 1260 | 1268 | 1270 | 1275 | 1279 |
| 1280 | 1283 | 1284 | 1285 | 1288 | 1290 | 1295 | 1296 | 1297 | 1298 |
| 1301 | 1304 | 1305 | 1306 | 1307 | 1309 | 1310 | 1312 | 1316 | 1318 |
| 1319 | 1320 | 1323 | 1327 | 1328 | 1330 | 1331 | 1332 | 1335 | 1336 |
| 1337 | 1339 | 1340 | 1341 | 1343 | 1346 | 1347 | 1349 | 1351 | 1352 |
| 1353 | 1358 | 1359 | 1360 | 1361 | 1362 | 1363 | 1365 | 1367 | 1368 |
| 1369 | 1370 | 1373 | 1374 | 1375 | 1376 | 1379 | 1380 | 1381 | 1384 |
| 1387 | 1388 | 1389 | 1394 | 1398 | 1399 | 1401 | 1404 | 1405 | 1406 |
| 1407 | 1408 | 1409 | 1410 | 1412 | 1415 | 1416 | 1420 | 1423 | 1424 |
| 1425 | 1426 | 1430 | 1433 | 1434 | 1435 | 1436 | 1437 | 1439 | 1443 |
| 1444 | 1445 | 1446 | 1447 | 1448 | 1449 | 1453 | 1454 | 1455 | 1456 |
| 1457 | 1464 | 1465 | 1467 | 1471 | 1473 | 1474 | 1475 | 1478 | 1481 |
| 1482 | 1483 | 1485 | 1486 | 1487 | 1488 | 1489 | 1490 | 1491 | 1492 |
| 1493 | 1494 | 1495 | 1496 | 1498 | 1500 | 1501 | 1504 | 1505 | 1506 |
| 1507 | 1508 | 1511 | 1512 | 1514 | 1515 | 1518 | 1520 | 1522 | 1525 |
| 1526 | 1528 | 1529 | 1530 | 1531 | 1532 | 1533 | 1537 | | |

**टिप्पणी** :-

1. यद्यपि परिणाम तैयार करते समय पूर्ण सावधानी बरती गई है तथापि अनजाने में किसी त्रुटि की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग के पास बाद में किसी भी स्तर पर किसी त्रुटि को सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।
2. जहां किसी आरक्षित श्रेणी हेतु पद उपलब्ध नहीं है, उस विशेष श्रेणी में आवेदन करने वाले उम्मीदवार को सामान्य श्रेणी उम्मीदवारों के रूप में विचार किया गया है, जो सभी पात्रता शर्तें, जो सामान्य श्रेणी उम्मीदवारों हेतु हैं, (शुल्क को छोड़कर) पूर्ण करने के अधीन हैं।
3. परिणाम आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

दिनांक : 26.03.2024

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/247/2024/26040/88/6 दि. 26.03.24

# हरियाणा मुक्केबाजी सब जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में चैम्पियन

**लड़कों और लड़कियों दोनों में टीम खिताब के साथ 19 पदक कब्जाए** | **महिला वर्ग में 64 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर** | **सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते** | **पुरुष वर्ग में 62 अंक के साथ पहले स्थान पर रहा** | **छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीते**



भाषा ⏭ग्रेटर नोएडा

हरियाणा यहां मुक्केबाजी सब जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में लड़कों और लड़कियों दोनों में टीम खिताब के साथ कुल 19 पदक जीतकर चैम्पियन बना। लड़कियों के वर्ग के मौजूदा चैम्पियन हरियाणा ने 64 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर रहकर अपने खिताब का बचाव किया। उसने सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। हरियाणा की सात में से छह मुक्केबाजों ने आसानी से 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। दिया (61 किग्रा) ने दिल्ली की यशिका को 5-0 से हराया और 'सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज' चुनी गयीं। उनके अलावा बालिका वर्ग में उसके लिए भूमि (35 किग्रा), निश्चल शर्मा (37 किग्रा), राखी (43 किग्रा), नैतिक (52 किग्रा), नव्या (55 किग्रा) और सुखरीत (64 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। दिल्ली 34 अंक से दूसरे और महाराष्ट्र 31 अंक से तीसरे स्थान पर रहा। दिल्ली ने एक स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जबकि महाराष्ट्र ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक जीते। अरुणाचल प्रदेश की कांस्य पदक विजेता हिलांग (37 किग्रा) बालिका वर्ग में सबसे होनहार मुक्केबाज का पुरस्कार जीतने में सफल रहीं। लड़कों के वर्ग में हरियाणा ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य से कुल नौ पदक जीते जिससे वह 62 अंक लेकर पहले स्थान पर रहा। उदय सिंह ने 37 किग्रा में तमिलनाडु के एस सुजीत को 5-0 से मात दी। नितिन (40 किग्रा), रवि सिहाग (49 किग्रा), लक्ष्य (52 किग्रा), नमन (58 किग्रा) और अनमोल दहिया (64 किग्रा) ने भी स्वर्ण पदक जीते। उत्तराखंड तीन स्वर्ण और तीन रजत से 34 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। उत्तर प्रदेश ने एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक से तीसरा स्थान हासिल किया।

## विश्व कप क्वालीफायर



# अफगानिस्तान ने भारत को 2-1 से शिकस्त दी

■ छेत्री को ऐतिहासिक 150वें मैच से पहले सम्मानित किया गया

भाषा ⏭गुवाहाटी

निचली रैंकिंग की अफगानिस्तान ने मंगलवार को यहां 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में भारत को 2-1 से शिकस्त दी जिससे घरेलू टीम को हाल के वर्षों में अपनी सबसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा।

भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के अपने 150वें मैच में 94वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा लेकिन इसके बावजूद घरेलू टीम हार गयी। उन्होंने 37वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा। विश्व कप और 2027 एएफसी एशियाई कप के संयुक्त क्वालीफायर के दूसरे चरण में भारत के घरेलू मैच में अफगानिस्तान ने 71वें मिनट में रहमत अकबरी के गोल से बराबरी हासिल कर ली।

फिर घरेलू टीम को झटका लगा जब गुरप्रीत सिंह को पीला कार्ड दिखाया गया। इसके बाद मिली पेनल्टी पर शरीफ मुखम्मद ने 88वें मिनट में अपनी टीम को निर्धारित समय में केवल दो मिनट रहते 2-1 की बढ़त दिलाकर जीत दिलायी। भारत और अफगानिस्तान ने 22 मार्च को सऊदी अरब के आभा में पहले चरण में गोलरहित ड्रा खेला था।

## खबर संक्षेप



### मेरा नाम केवल टी-20 क्रिकेट से जुड़ा : कोहली

**बेंगलुरु।** अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए विराट कोहली की भारतीय टीम में जगह को लेकर चल रही चर्चा के बीच इस दिग्गज बल्लेबाज ने कहा कि वह अब भी इस प्रारूप में खेलने के काबिल हैं। कोहली बेटे के जन्म के कारण दो महीने तक क्रिकेट से बाहर रहे। उन्होंने आईपीएल मैच में 49 गेंद पर 77 रन बनाए जिससे उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने पंजाब किंग्स को हराकर अपना खाता खोला। कोहली ने कहा, मैं जानता हूं कि इन दिनों जब भी टी20 क्रिकेट की बात आती है तो दुनिया के कई हिस्सों में मेरा नाम



### ऑस्ट्रेलिया में पहली पेशेवर भारतीय फुटबॉलर बनेंगी चानू

**कोलकाता।** मणिपुर की गोलकीपर एलंगब पंथोई चानू गुरूवार से शुरू होने वाली 'साउथ आस्ट्रेलियन वुमैन्स नेशनल प्रीमियर लीग' में मेट्रो यूनाईटेड डब्ल्यूएफसी का प्रतिनिधित्व करेंगी जिससे वह आस्ट्रेलिया में पेशेवर फुटबॉल खेलने वाली पहली भारतीय फुटबॉलर बन जायेंगी। इम्फाल के करीब केराक गांव में रहने वाली 26 वर्षीय पंथोई चानू ने पिछली बार जब अपना सामान पैक किया था तो वह मणिपुर में चल रही हिंसा से बचकर भागने के लिये किया था।

### गोल्फर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक सकते हैं: लाहिड़ी

**गुरुग्राम।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी को लगता है कि 'लिव गोल्फ' और आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग के बीच गतिरोध के कारण कई शीर्ष रैंकिंग के गोल्फर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायेंगे। लाहिड़ी का कहना है कि यह दुनिया भर में कुछ कदम उठाने के लिए सही समय साबित हो सकता है।

### राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेंगे 1300 खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** देश भर के 1300 से अधिक खिलाड़ी बुधवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ की यहां जा रही है विज्ञप्ति के अनुसार दिल्ली में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 73 टीमों के 1332 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन करनैल सिंह स्टेडियम और इंदिरा गांधी खेल परिसर के केडी सिंह जाधव इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा।

*शिवम और रचिन की विस्फोटक पारियां*

# सीएसके की दूसरी जीत, गुजरात टाइटन्स को 63 रन से हराया

भाषा ⏭चेन्नई



गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रचिन रविंद्र (46 रन) की धमाकेदार शुरूआत के बाद शिवम दूबे (51 रन) के अर्धशतक की बदौलत चुनौतीपूर्ण लक्ष्य देने के बाद गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा टी20 मैच में गुजरात टाइटन्स को 63 रन से हरा दिया। सीएसके ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 206 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। रचिन ने पावरपले का पूरा इस्तेमाल करते हुए 20 गेंद में छह चौके और तीन छक्के से 46 रन बनाये। उन्होंने और कप्तान रूतुराज गायकवाड़ (46) ने पहले विकेट के लिए 32 गेंद में 62 रन की साझेदारी कर शानदार शुरूआत करायी। फिर दूबे ने 23 गेंद में 51 रन (दो चौके, पांच छक्के) जड़कर गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाजों के लिए बड़ा स्कोर खड़ा करने में मदद की। गुजरात टाइटन्स की टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने पावरप्ले में दो विकेट गंवा दिये। इसके बाद टीम इन झटकों से उबर ही नहीं सकी और 20 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी। साई सुदर्शन 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोर रहे। दीपक चाहर (28 रन देकर दो विकेट) ने सीएसके के लिए विकेट झटकने का सिलसिला शुरू किया और पावरप्ले में पहले दो विकेट अपनी झोली में डाले।चाहर ने गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल (08 रन) तीसरे ही ओवर में और विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (21) को पांचवें ओवर में आउट कर दिया। विजय शंकर (12) 12 गेंद ही खेल सके और डेरिल मिचेल का शिकार हुए जिससे स्कोर तीन विकेट पर 55 रन था। मध्यक्रम पर दबाव बढ़ता जा रहा था और 10 ओवर तक गुजरात टाइटन्स का स्कोर तीन विकेट पर 80 रन था जिससे जीत के लिए अगली 60 गेंद में 127 रन बनाने थे जो मेहमान टीम की बल्लेबाजी को देखते हुए असंभव ही लग रहा था। तुषार देशपांडे और मुस्तफिजुर रहमान ने भी दो दो विकेट अपने नाम किये। देशपांडे की गेंद पर अजिंक्य रहाणे ने डेविड मिलर (21 रन) का शानदार कैच लपका। इस गेंदबाज ने फिर अजमतुल्लाह ओमरजई के रूप में दूसरा विकेट प्राप्त किया। माथिशा पाथिराना ने इस दौरान साई सुदर्शन की पारी समाप्त की। मुस्तफिजुर रहमान ने फिर राशिद खान और राहुल तेवतिया के रूप में दो विकेट झटक लिये। इससे पहले सीएसके प्रशंसकों में लोकप्रिय बन चुके रचिन ने अपने स्ट्रोक्स से सभी का भरपूर मनोरंजन किया।

**सुपर किंग्स-206/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
| --- | --- |
| गायकवाड़ का साहा बो जॉनसन | 46 |
| रचिन स्ट साहा बो राशिद खान | 46 |
| रहाणे स्ट साहा बो साई किशोर | 12 |
| दूबे का शंकर बो राशिद खान | 51 |
| डेरिल मिचेल रन आउट | 24 |
| समीर रिज्वी का मिलर बो शर्मा | 14 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 07 |

अतिरिक्त : 06

कुल : 20 ओवर में छह विकेट पर 206 रन

**गेंदबाजी:** ओमरजई 3-0-30-0, उमेश 2-0-27-0, राशिद खान 4-0-49-2, साई किशोर 3-0-28-1, स्पेंसर जॉनसन 4-0-35-1, मोहित शर्मा 4-0-36-1

**गुजरात-143/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
| --- | --- |
| साहा का देशपांडे बो चाहर | 21 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो चाहर | 08 |
| सुदर्शन का रिज्वी बो पाथिराना | 37 |
| विजय शंकर का धोनी बो मिचेल | 12 |
| मिलर का रहाणे बो तुषार देशपांडे | 21 |
| ओमरजई का रविंद्र बो देशपांडे | 11 |
| तेवतिया का रविंद्र बो रहमान | 06 |
| राशिद का रविंद्र बो रहमान | 01 |
| उमेश यादव नाबाद | 10 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 05 |

अतिरिक्त : 11

कुल : 20 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन

**गेंदबाजी:** चाहर 4-0-28-2, रहमान 4-0-30-2, तुषार 4-0-21-2, जडेजा 2-0-15-0, मिचेल 2-0-18-1, माथिया 4-0-29-1

### जीत की तलाश में एक दूसरे से भिड़ेंगे मुंबई और हैदराबाद


**हैदराबाद।** मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने शुरुआती मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा और बुधवार को जब यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य जीत दर्ज करके खाता खोलना होगा। पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियंस की शुरुआत हमेशा की तरह अच्छी नहीं रही। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में जीत की स्थिति में होने के बावजूद आखिर में उसे हार का सामना करना पड़ा।

इस मैच में हालांकि जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी, डेवाल्ड ब्रेविस की प्रभावशाली पारी और शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा का उपयोगी योगदान उसके लिए सकारात्मक पहलू रहे। मुंबई को एक समय 36 दिन पर 48 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बचे हुए थे लेकिन वह इसे हासिल नहीं कर पाया जो टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय होगा।

पहली बार मुंबई की कप्तानी कर रहे हार्दिक पंड्या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन उनकी यह रणनीति नहीं चल पाई। उन्हें इस पर फिर से विचार करना होगा क्योंकि पिछले साल गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए उन्होंने ऊपरी क्रम में अच्छा प्रभाव छोड़ा था।

# खेल मंत्रालय ने बजरंग पूनिया को वित्तीय सहायता की मंजूरी दी

भाषा ⏭नई दिल्ली



खेल मंत्रालय ने पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होने के बावजूद पहलवान बजरंग पूनिया के वित्तीय सहायता प्रदान करने के अनुरोध को मंगलवार को मंजूरी दे दी और साथ ही उनके 'कंडीशनिंग कोच' काजी किरण मुस्तफा हसन का कार्यकाल मई के अंत तक बढ़ा दिया। पूनिया भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल थे। वह हाल में आयोजित किए गए ट्रायल्स में 65 किग्रा भार वर्ग में शीर्ष चार में जगह बनाने में नाकाम रहे थे। इन ट्रायल्स के आधार पर एशियाई चैंपियनशिप और एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिए टीम का चयन किया गया था। मंत्रालय ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, ''मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पहलवान बजरंग पूनिया के वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा अपने कंडीशनिंग कोच काजी किरण मुस्तफा हसन का कार्यकाल मई के अंत तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।'' मंत्रालय ने हालांकि यह नहीं बताया कि कितनी धनराशि मंजूर की गई है। पूनिया के अलावा मंत्रालय ने टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला के ओलंपिक से पहले चीनी ताइपे में अभ्यास करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के आग्रह को भी मंजूरी दी।

# बोपन्ना-एब्डेन की जोड़ी मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ⏭मियामी गार्डन्स



भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोप्पाना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां एक संघर्ष पूर्ण मुकाबले में ह्यूगो निस और जान ज़िलिंस्की को हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने सोमवार की रात खेले गए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मोनेगास्क के निस और पोलैंड के ज़िलिंस्की को 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट तक चला। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के जॉन पैट्रिक स्मिथ और नीदरलैंड के सेम वर्बीक से होगा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना और एब्डेन ने चार ऐस लगाए और अपनी पहली सर्व पर 84 प्रतिशत (37/44) अंक जीते। मैच में शुरू से लेकर आखिर तक दोनों जोड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। बोपन्ना और एब्डेन ने पहले सेट के 11वें गेम में ब्रेक प्वाइंट लेकर 6-5 से बढ़त बना दी। अगले गेम में उन्होंने दो ब्रेक प्वाइंट बचाकर पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में दोनों जोड़ियों ने अपनी सर्विस बचाकर इसे टाइब्रेकर का खींच दिया। टाइब्रेकर में निस और ज़िलिंस्की ने डबल फाल्ट किया जिसका फायदा उठाकर बोपन्ना और एब्डेन ने यह सेट और मैच जीत लिया।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी

**मेलबर्न।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला 22 नवंबर को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया अमूमन अपने सत्र का पहला टेस्ट मैच एडिलेड ओवल में खेलता रहा है लेकिन भारत के खिलाफ वहां दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा जो 6 से 10 दिसंबर तक चलेगा। यह दिन रात्रि मैच होगा। तीसरा टेस्ट मैच 14 से 18 दिसंबर के बीच ब्रिस्बेन में खेला जाएगा जबकि मेलबर्न हमेशा की तरह 26 से 30 दिसंबर के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। सिडनी में नए साल पर 3 से 7 जनवरी के बीच पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को अगली गर्मियों के लिए अपने क्रिकेट कार्यक्रम की घोषणा की। भारत के खिलाफ श्रृंखला इसका हिस्सा है।

## सिद्धि छाई




**भोपाल।** एक छोटी बच्ची सिद्धि मिश्रा (गिन्नी) अपनी मां पर्वतारोही भावना डेहरिया के साथ माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली पहली बच्ची बन गई है। बता दें कि उसकी मां भावना बच्ची को साथ लेकर पहुंची। यहां दोनों ने फोटो खिंचवाए और खुश नजर आईं।

**31 मार्च को होगा सालाना पुरस्कार समारोह, छाएंगे खिलाड़ी, पुरस्कारों की कुल राशि 7.56 करोड़ होगी**

# हॉकी इंडिया पुरस्कारों में अवार्ड की दौड़ में श्रीजेश, सविता, हरमनप्रीत

⏭ श्रीजेश और सविता लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी

⏭ हरमनप्रीत को भी दो वर्गों के पुरस्कारों में नामांकित किया

⏭ दोनों वर्गों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए 25-25 लाख

⏭ गोलकीपिंग ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ी को पांच लाख रुपये मिलेंगे

⏭ हॉकी इंडिया ने आठ वर्गों में कुल 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया

एजेंसी ⏭नई दिल्ली




हॉकी इंडिया ने 31 मार्च को यहां होने वाले अपने सालाना पुरस्कार समारोह के लिए नामांकित खिलाड़ियों की घोषणा की जिसमें अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश और सविता पूनिया क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। पूर्व कप्तान श्रीजेश और पूनिया भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं जिससे उन्हें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार के लिए भी नामांकित किया गया है। भारत की पुरुष टीम के कप्तान और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को भी दो वर्गों के पुरस्कारों में नामांकित किया गया है। वह वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के साथ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर पुरस्कार के लिए भी दावेदार होंगे। दोनों वर्गों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए 25-25 लाख रुपये जबकि गोलकीपिंग ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ी को पांच लाख रुपये मिलेंगे। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार आठ वर्गों में कुल 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है और पुरस्कारों की कुल राशि 7.56 करोड़ रुपये होगी। हॉकी इंडिया ने कहा, '' हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार में 30 लाख रुपये का सबसे बड़ा नकद पुरस्कार होगा जो वर्षों से खेल में असाधारण योगदान करने वाले खिलाड़ी को दिया जायेगा। '' अंडर-21 खिलाड़ियों के लिए वर्ष के उभरते हुए पुरुष खिलाड़ी के लिए जुगराज सिंह पुरस्कार और वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी के लिए असुंता लाकड़ा पुरस्कार दिया जायेगा जिसमें प्रत्येक को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड के लिए धनराज पिल्लै पुरस्कार की पुरस्कार राशि पांच लाख रुपये होगी।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप कुमार टिर्की ने कहा, ''हाल के दिनों में पुरुष और महिला दोनों टीम के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए नामांकित खिलाड़ियों का चयन करना एक चुनौतीपूर्ण काम था। '' महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, ''ये पुरस्कार समर्पण, प्रतिभा और जुनून के प्रमाण के तौर पर काम करते हैं जो हमारे एथलीट, कोच, अंपायर और अधिकारी मैच के दिन मैदान पर दिखाते हैं। ''

## चिंतन

# होली पर स्वदेशी उत्पादों की बिक्री ने तोड़े रिकार्ड

भारत सरकार की वोकल फॉर लोकल मुहिम का असर अब दिखने लगा है। इस होली पर मेड इन इंडिया घरेलू उत्पादों की रिकार्ड बिक्री हुई है। भारतीय उपभोक्ताओं ने चीन को तगड़ा झटका दिया है। अब तक होली, दिवाली जैसे अहम त्योहारों के अवसर सस्ते चीनी उत्पाद से भारतीय बाजार पटे रहते थे, इसके चलते भारतीय घरेलू निर्माताओं को नुकसान उठाना पड़ता था, और इस कारण वे उत्पाद निर्माण के प्रति उदासीनी होती गई थीं। 2020 की गलवान घटना के बाद से जबसे भारत में चीनी उत्पादों का बायकॉट शुरू हुआ और इधर पीएम नरेंद्र मोदी ने वोकल फॉर लोकल के प्रति आवाज बुलंद की, उसके बाद से भारतीय उपभोक्ताओं में स्थानीय उत्पादों के प्रति चेतना जागृत होनी शुरू हुई। इसी का नतीजा है कि इस बार होली के अवसर पर देश भर में त्योहार से जुड़े घरेलू निर्मित उत्पादों ने बिक्री के सभी रिकार्ड तोड़ दिए। व्यापारी संगठन कैट के सर्वे के मुताबिक इस बार लोगों ने त्योहार मनाने के लिए होली के दिन से पहले तक 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की खरीदारी की, जो पिछले साले के मुकाबले 50 फीसदी ज्यादा है। अकेले दिल्ली में ही 5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार हुआ। पहले भारतीय व्यापारी चीन के सस्ते सामान को मांगते थे, लेकिन चीन के सामान के बॉयकॉट के चलते व्यापारियों ने देश में बने रंग-गुलाल, पिचकारी की बिक्री की और लोगों ने भी होली पर देश में बने सामानों पर ही जमकर पैसा खर्च किया। पहले होली के दौरान चीन में बने करीब 10 हजार करोड़ रुपये के सामान का आयात किया जाता था, जो इस बार एकदम ना के बराबर रहा। इस बार होली के दौरान केवल भारत में ही बने हर्बल रंग और गुलाल, पिचकारी, ग़ुब्बारे, चंदन , पूजा सामग्री, कपड़ों समेत बाकी सामानों की खूब बिक्री हुई। इसके अलावा भी मिठाइयां, ड्राई फ्रूट, गिफ्ट आइटम्स, फूल और फल, कपड़े, फ़र्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी प्रोडक्ट, कंज्यूमर ड्युरेबल्स समेत दूसरे उत्पादों की भी ज़बरदस्त मांग रही। होली मिलन समारोह के बढ़ते चलन के चलते भी नए तरह के उपभोक्ता वर्ग तैयार हो रहे हैं। होली मिलन समारोह के आयोजन के लिए लोग बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस, होटलों, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक पार्क आदि का प्रयोग करने लगे हैं, दिल्ली में ही छोटे-बड़े मिलाकर करीब 3 हज़ार से ज़्यादा होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। देश के अन्य शहरों में करोड़ों समारोह आयोजित किए गए। इससे होटल इंडस्ट्री, इवेंट उद्योग, कैटरिंग, म्यूजिक से जुड़े कारोबारियों को फायदा पहुंचाया। इस बार ऑनलाइन बिक्री ने भी नए रिकार्ड बनाए। क्विक-कॉमर्स प्लेटफार्म्स पर खूब बिक्री दर्ज की गई, इनमें गुलाल, पिचकारी, मिठाई, खाने-पीने का सामान, नारियल तेल, सफ़ेद टी-शर्ट आदि सामानों की मांग रही। फूलों की बिक्री पिछले साल होली के मुकाबले 5 गुना ज्यादा रही। यह रिकार्ड बिक्री वोकल फॉर लोकल अभियान की सफलता है, भारतीय उपभोक्ताओं के स्वाभिमान की जीत है, आर्थिक राष्ट्रवाद के सपनों को साकार करने की दिशा में अहम कदम है। भारत को अगर अपने विकसित देश के सपने को साकार करना है तो आर्थिक राष्ट्रवाद के विचार को मजबूती से आगे बढ़ाना होगा, जिसमें स्वदेशी निर्मित उत्पादों के उपयोग को अपनाने की संकल्पना है। विदेश कंपनियां भारत से करीब 11 से 12 लाख करोड़ रुपये सालाना मुनाफा के रूप में ले जाती हैं। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत व वोकल फॉर लोकल अभियान से विदेश जा रहे मुनाफे को कम किया जा सकता है। देश में सांस्कृतिक चेतना के साथ आर्थिक राष्ट्रवाद की चेतना भी जरूरी है।

## सवाल
सुरेश हिन्दुस्थानी



# साफ सुथरी राजनीति के मायने

शराब घोटाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने साफ संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाए जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल खुद को निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाए गए आरोप प्रमाणित होते हैं तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है। केजरीवाल अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अण्णा हजारे ने सवाल उठाए थे, हालांकि अण्णा हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अण्णा हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अण्णा हजारे की ओर से साफ सुथरी टिप्पणी आई है, जिसमें अण्णा हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन जब आग लगती है तभी धुआं उठता है। केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठना तो उसी समय प्रारंभ हो गए थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गई। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप लगने केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्यवाही राजनीतिक होती तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं, कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ। यह बात सही है कि राजनीतिक तौर पर तर्क तो कई दिए जा सकते हैं, लेकिन इन तर्कों का आधार क्या है? यह कोई नहीं बता पाता। ऐसे तमाम उदाहरण दिए जा सकते हैं जिसमें नेता जमानत पर बाहर आकर राजनीतिक वातावरण को स्वच्छ करने की बात करते हैं। क्या वास्तव में ऐसे राजनेता देश के राजनीतिक वातावरण को सकारात्मक दिशा देने का सामर्थ्य रखते हैं। कदाचित नहीं, क्योंकि आज के राजनीतिक माहौल में राजनेता जैसा अपने आपको दिखाने का प्रयास करते हैं, वैसा सिद्धांततः होता नहीं है। उनके क्रियाकलाप केवल और केवल भ्रमित करने वाली राजनीति करने की ही होती है। देश में एक समय यह आम धारणा बन चुकी थी कि राजनीतिक भ्रष्टाचार इस देश की नियति बन चुकी है, लेकिन पिछले दस साल में इस धारणा को बदलने की सुगबुगाहट भी सुनाई देने लगी है। यह सुगबुगाहट कई राजनीतिक दलों को पसंद नहीं आ रही। ऐसे कई राजनेता हैं जो भ्रष्टाचार के दोषी सिद्ध हो चुके हैं और देश की राजनीति को सुधारने की कवायद कर रहे हैं। अब सवाल यह भी आता है कि क्या बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की बात करने का साहस दिखा सकते हैं। इसका उत्तर नहीं ही होगा, लेकिन वे फिर राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। भारत में साफ सुथरी राजनीति के क्या यही मायने हैं? क्या ऐसे नेता राजनीति को सही दिशा दे सकते हैं, इसका उत्तर हमें स्वयं तलाश करना होगा? ऐसे ही दिल्ली सरकार के घोटाला में होता लग रहा है, क्योंकि यह स्पष्ट रूप से कहा जा रहा कि गोवा में 45 करोड़ रुपये हवाला के माध्यम से दिए गए। ऐसे में सवाल यही है कि क्या यही साफ सुथरी राजनीति के मायने हैं? तर्क कुछ भी हों, परन्तु अब ऐसी राजनीति से देश को अलग करने का समय आ गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण
अवधेश कुमार

# सामान्य नहीं केजरीवाल की गिरफ्तारी

**दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक ऐसी बड़ी घटना है, जिसकी तुलना किसी भी पूर्व गिरफ्तारी से नहीं हो सकती। ईडी अपने आप कोई मामला दर्ज नहीं करती। सीबीआई, पुलिस या अन्य एजेंसी जब मामला दर्ज करती है और उसमें अवैध लेनदेन का पहलू आता है, तभी ईडी उसमें प्रवेश करती है, क्योंकि धन शोधन अधिनियम तभी लागू होता है जब भ्रष्टाचार में अवैध नकदी लेनदेन का पहलू हो। भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठकर खड़ा होने वाला नेता अगर ऐसे शर्मनाक भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार होता है तो इससे बड़ी त्रासदी कुछ नहीं हो सकती। यह विडम्बना ही है कि वह आज भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार है।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक ऐसी बड़ी घटना है, जिसकी तुलना किसी भी पूर्व गिरफ्तारी से नहीं हो सकती। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसके पूर्व 2 फरवरी को गिरफ्तार हुए थे और त्यागपत्र देने के बाद उनकी गिरफ्तारी दिखाई गई। वस्तुतः केजरीवाल का मामला इस रूप में गुणात्मक रूप से भिन्न है, क्योंकि वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियानों, आंदोलन की अगुवाई करते हुए यहां तक पहुंचे। उनके बैनर का नाम ही था इंडिया अगेंस्ट करप्शन और उन्होंने यूपीए सरकार के दौरान प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से लेकर अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके दामाद रॉबर्ट वाड्रा, कई केंद्रीय मंत्रियों जिनमें प्रणब मुखर्जी से लेकर कपिल सिब्बल, पी चिदंबरम आदि शामिल थे, सबको भ्रष्टाचारी बताते हुए उनका त्यागपत्र देने एवं गिरफ्तार किए जाने की मांग की थी। आम लोगों में छवि यह बनी थी कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक हीरो अण्णा हजारे की अभिभावकत्व में उभरा है और उसके पास एक टीम है जिसमें लड़ने और व्यवस्था बदलने का माद्दा है। हालांकि लंबे समय तक उनकी घोषणा यही रही कि वह राजनीति में नहीं जाएंगे कोई दल नहीं बनाएंगे। राजधानी दिल्ली में उनकी पूरी लड़ाई ही तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित और उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों के विरुद्ध थी। पूरी दिल्ली में उन्होंने धरना, प्रदर्शन, सभाएं की और जनता के बड़े समूह को अपने साथ जोड़ा, क्योंकि लोगों को कठिनाइयां थीं और वे जो बात बोलते थे वो व्यावहारिक रूप से सबके जीवन में लागू हो रही थी। शीला दीक्षित, उनकी सरकार और कांग्रेस पार्टी के लिए तब केजरीवाल और उनके साथियों का जवाब देना मुश्किल होता था। भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठकर खड़ा होने वाला नेता अगर ऐसे शर्मनाक भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार होता है तो इससे बड़ी त्रासदी कुछ नहीं हो सकती।

किसी का गिरफ्तार होना या उस पर आरोप लगना उसके दोषी होने का प्रमाण नहीं होता। न्यायालय ही उसके दोषी या निर्दोष होने का प्रमाण देता है, इसलिए देश भर के ऐसे लोग जो भ्रष्टाचार के अंत की कामना से किसी भी क्षेत्र में काम कर रहे हों उन सबके लिए अत्यंत दुखद स्थिति है। सबकी चाहत यही होगी कि केजरीवाल और उनके साथी भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी हो। ऐसा नहीं हुआ तो भ्रष्टाचार के विरुद्ध किसी आंदोलन पर भारत के आम लोग लंबे समय तक विश्वास नहीं करेंगे। दिल्ली शराब घोटाला की कानूनी कार्रवाई अब तक जिस दिशा में आगे बढ़ी है और छानबीन के आधार पर जिस तरह की बातें सामने आई है उनमें यह मानना मुश्किल है कि सब कुछ ईमानदारी, नैतिकता, शुचिता की कसौटी पर कसकर ही किया गया। आम आदमी पार्टी गिरफ्तारी के पीछे भाजपा पर राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाती है। यह अस्वाभाविक इसलिए नहीं है, क्योंकि कार्रवाई के बाद देश भर के ऐसे नेताओं, पार्टियों और उनके समर्थकों की प्रतिक्रिया यही है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का राजनीतिक पहलू है। पहले उनके दाहिना हाथ माने जाने वाले साथी और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई और



बाद में आम राजनीति में पार्टी का चेहरा बने राज्यसभा सदस्य संजय सिंह। उसके पूर्व दूसरे मामलों में पार्टी के वित्तीय प्रबंधक के रूप में जाने जाने वाले सत्येंद्र जैन गिरफ्तार हुए और केजरीवाल की गिरफ्तारी के दो दिन पूर्व ही उच्च न्यायालय ने उन्हें दोबारा जेल भेज दिया। ऐसे में दिल्ली सरकार के संचालन और आम आदमी पार्टी के भविष्य पर बड़ा प्रश्न खड़ा हो गया है। चुनाव में पार्टी का मुख्य प्रचारक ही अगर अंदर हो तो समर्थकों, उम्मीदवारों की मानसिक स्थिति क्या होगी इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। इस तरह पार्टी के लिए अब तक का यह सबसे बड़ा संकट है।


राजनीतिक पहलू इस प्रकरण का प्रतिउत्पाद ही है। ध्यान रखिए कि अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अंततः उच्च न्यायालय की शरण ली। उनके वकीलों ने दलील दी कि वह बार-बार सम्मन पर इसलिए उपस्थित नहीं होते,क्योंकि उन्हें अपनी गिरफ्तारी का डर है। अगर गिरफ्तार हो गए तो लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी ठीक से नहीं लड़ पाएगी। न्यायालय ने ईडी के वकील से पूछा कि क्या आप यह गारंटी देंगे कि पूछताछ के साथ उनको गिरफ्तार नहीं किया जाएगा? ईडी के वकील ने उत्तर दिया कि नहीं, हम उन्हें गिरफ्तार करेंगे। तब न्यायाधीश ने उनसे सारे दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा और सब देखने के बाद गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायालय के इस व्यवहार के बाद सच कहा जाए तो अलग से कुछ कहने की आवश्यकता नहीं रह जाती। हालांकि इससे भी यह निश्चित नहीं होता कि मामले का अंतिम फैसला क्या होगा। बावजूद इसका यह अर्थ तो है ही कि न्यायालय को पहली दृष्टि में संलिप्तता दिखाई पड़ी है। केजरीवाल को ईडी ने पूछताछ के लिए 2 नवंबर, 2023 को पहले सम्मन दिया था। उसके बाद से लगातार 9 सम्मन की वो अवहेलना करते रहे। पहले सम्मन में उनका प्रतिप्रश्न था कि आपने हमें किस रूप में बुलाया है गवाह के रूप में या आरोपी के रूप में यह बताएं। इसी तरह हर बार उन्होंने प्रश्न उठाए और उपस्थित होने से मना कर दिया। इस प्रकार एजेंसी की अवहेलना के बाद न्यायालय के लिए भी गिरफ्तारी पर रोक का आदेश कठिन हो जाता है क्योंकि इससे एजेंसी का यह आरोप साबित हो जाता है कि आरोपी जांच में बिल्कुल सहयोग नहीं कर रहे।

देखा जाए तो लगभग यही स्थिति मनीष सिसोदिया के मामले में हुई जिन्होंने आरंभ में पूछताछ के लिए जाने से इनकार किया था। दिल्ली शराब घोटाले में केजरीवाल को मिलाकर अब तक 17 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। उनके पूर्व सबसे अंतिम और बड़ी गिरफ्तारी तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव की बेटी कविता की थी। आप के सोशल मीडिया प्रभारी कारोबारी विजय नायर, दक्षिण भारत के शराब कारोबारियों के लिए काम करने वाले अभिषेक बोइनपल्ली, शराब कारोबारी समीर महेंद्रू, तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपी कृष्ण, उपायुक्त आनंद तिवारी, सहायक आयुक्त पंकज भटनागर, राज्यसभा सांसद संजय सिंह आदि शामिल है। इतने लोगों की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। जैसा हम जानते हैं ईडी अपने आप कोई मामला दर्ज नहीं करती। सीबीआई, पुलिस या अन्य एजेंसी जब मामला दर्ज करती है और उसमें अवैध लेनदेन का पहलू आता है, तभी ईडी उसमें प्रवेश करती है, क्योंकि धन शोधन अधिनियम तभी लागू होता है जब भ्रष्टाचार में अवैध नकदी लेनदेन का पहलू हो। इस तरह सीबीआई एवं ईडी दोनों की जांच और कानूनी कार्रवाई समानांतर चल रही है। दोनों ने न्यायालय में आरोप पत्र और पूरक आरोप पत्र दायर किया है। मनीष सिसोदिया के निजी सहायक दिनेश अरोड़ा सरकारी गवाह बन चुके हैं। इस तरह पहली दृष्टि में देखने से मामला अत्यंत सशक्त दिखता है। बावजूद यह भारतीय राजनीति की विडम्बना ही है कि एक समय भ्रष्टाचार के विरुद्ध खड़ा हुआ हीरो आज ऐसे शर्मनाक भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# आपको ही सब ठीक करना होगा



संकलित

## दर्शन

एक बार जब आप सक्रिय रूप से आध्यात्मिक पथ पर चल पड़ते हैं, तो कुछ मूर्ख आपसे कह सकते हैं, सब कुछ ठीक हो जाएगा। आध्यात्मिक पथ पर होने का मतलब सब कुछ ठीक कर देना नहीं है। यदि आप चाहते हैं कि चीजें ठीक हों तो आपको उन्हें ठीक करना होगा, और फिर भी केवल कुछ चीजें ही ठीक होंगी, सब कुछ नहीं। आध्यात्मिक पथ पर होने का महत्व आराम तलाशना नहीं है, बल्कि अपने जीवन को तेजी से आगे बढ़ाना है। इसलिए, जितना आपने कभी सोचा था उससे कहीं अधिक उतार-चढ़ाव आपके जीवन में घटित हो सकते हैं। जो चीजें दस साल में होतीं, वे दो महीने में हो सकती हैं। सवाल यह है कि आपमें इससे गुजरने का साहस, क्षमता और स्थिरता है या नहीं। यदि आप इस उतार चढ़ाव के समय को बढ़ाना चाहते हैं और आप न जाने कितने जन्म तक वापस आते रहना चाहते हैं, तो यह आप पर निर्भर करता है। एक बार जब आप गति चाहते हैं और स्थिरता के बिना गति की मांग करते हैं तो आप परेशानी को न्योता दे रहे हैं। साधना को नपे-तुले तरीके से इसलिए बनाया जाता है ताकि एक ओर यह स्थिरता पैदा करती है, दूसरी ओर गति पैदा करती है। यदि आपमें कोई गति नहीं है, तो आप एक कब्र के पत्थर की तरह महसूस करेंगे जो कहीं नहीं जाता। यदि आप बहुत तेज़ हैं, तो यह एक रोलरकोस्टर सवारी जैसा महसूस होता है।

# मेहनत से सफलता प्राप्त करना संभव



संकलित

## प्रेरणा

एक बार की बात है, एक गरीब औरत थी जिसका नाम सरस्वती था। वह एक छोटे से गांव में अपने पति और दो छोटे बच्चों के साथ रहती थी। उसके पति एक मजदूर थे, लेकिन वह ज्यादा पैसे नहीं कमाते थे। सरस्वती को अपने परिवार का समर्थन करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी। वह अमीर लोगों के घरों में नौकरानी के रूप में काम करती थी। एक दिन, सरस्वती के पति की एक दुर्घटना में चोट लग गई। वह काम करने में असमर्थ थे, और परिवार की आय पूरी तरह से बंद हो गई। सरस्वती को चिंता थी कि वह अपने परिवार को कैसे खिलाएगी। सरस्वती ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का फैसला किया। वह हमेशा खाना बनाना अच्छा करती थी, इसलिए उसने घर का बना खाना बेचने का फैसला किया। उसने अपने पड़ोसियों और दोस्तों को खाना बेचना शुरू किया। उसका खाना इतना स्वादिष्ट था कि जल्द ही गांव में लोकप्रिय हो गया। सरस्वती का व्यवसाय तेजी से बढ़ा। उसने स्थानीय बाजार में अपना खाना बेचना शुरू किया। उसने इवेंट्स की भी कैटरिंग शुरू की। सरस्वती एक अच्छी कमाई करने में सक्षम थी और अपने परिवार का समर्थन कर सकती थी। यह दिखाता है कि अगर हम कड़ी मेहनत करने और अपने सपनों को कभी नहीं छोड़ने के लिए तैयार हैं तो गरीबी को दूर करना और सफलता प्राप्त करना संभव है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### 2003 के बाद की चीजें सर्वे में शामिल न हों

भोजशाला में एएसआई सर्वे कर रही है। मप्र हाईकोर्ट की इंदौर बेंच के आदेश पर भोजशाला में वैज्ञानिक सर्वे किया जा रहा है। हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा व आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान भी सर्वे टीम के साथ रहे। समद ने सर्वे पर आपत्ति जताते हुए उसे रद करने की मांग की है। सदर कमेटी धार के अब्दुल समद खान का कहना है कि 2003 के बाद जो भी चीजें की गई हैं, उनको सर्वे में शामिल न किया जाए। जो चीजें दिख रही हैं, उसे दर्ज करें। हम सर्वे के खिलाफ नहीं हैं। यह बात भी सही है कि सर्वे पूरी तरह से निष्पक्ष रह कर किया जाए ताकि सौहार्द बना रहे।

-रवि कुमार, दिल्ली

## ट्रेंड

### मरीजों को निकाला



सप्ताहांत में, डब्ल्यूएचओ की टीम विदेश में देखभाल प्राप्त करने के लिए गाजा के कमल अदवान अस्पताल से दो छह वर्षीय मरीजों को निकालने में कामयाब रही। एक बच्चे को सिस्टिक फाइब्रोसिस है, दूसरे को ल्यूकेमिया है। दो देखभालकर्ताओं को निकाला गया।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### आत्मतत्त्व स्वतः सिद्ध



आत्मतत्त्व स्वतः सिद्ध और सनातन है। उसी परम तत्व की अनुभूति हमारे जीवन का परम लक्ष्य है। अपने शाश्वत-अविनाशी स्वरूप का बोध न होना एवं आत्म विस्मृति ही हमारे दुःख का मूल कारण है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### रोज़गार क्रांति का संकल्प



नरेंद्र मोदी जी, क्या आपके पास रोज़गार के लिये कोई योजना थी भी? यही सवाल आज हर युवा की ज़ुबान पर है। आखिर हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था? कांग्रेस ने युवा न्याय के तहत रोज़गार क्रांति का संकल्प लिया है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### मरूद्यान बना लिया



वे कहते हैं कि आपको किसी भी चीज़ को बड़ी बात नहीं बनानी चाहिए, लेकिन महिंद्रा ने बस यही किया है, चट्टानों और रेत से अपना खुद का मरूद्यान बना लिया है, जो लाखों लोगों के जीवन को रोशन कर सकता है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# मुइज्जू पड़ोसियों के साथ मतभेद दूर करें : सोलिह

मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने अपने उत्तराधिकारी राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को 'अड़ियल' रवैया छोड़ने और वित्तीय चुनौतियों से निपटने के लिए पड़ोसियों के साथ बातचीत करने की सलाह दी।



सोलिह ने यह टिप्पणी तब की जब कुछ दिन पहले चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू ने भारत से द्वीपीय देश को ऋण राहत देने का आग्रह किया था। मुइज्जू (45)ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में सोलिह (62) को हराया था। माफन्नू के चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ रहे मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने के वास्ते माले में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोलिह ने कहा कि उन्होंने मीडिया में छपी खबरें देखी हैं जो बताती हैं कि मुइज्जू ऋण पुनर्गठन के लिए भारत से बात करना चाहते हैं। अधाधु डॉट कॉम नामक समाचार वेबसाइट के मुताबिक सोलिह ने कहा, ''लेकिन वित्तीय चुनौतियां भारत के ऋण के कारण नहीं हैं।'' सोलिह ने कहा कि मालदीव पर चीन का 18 अरब मालदीवियन रूफिया (एमवीआर) का कर्ज है, जबकि भारत का आठ अरब एमवीआर का कर्ज है और उसकी भुगतान अवधि भी 25 साल है। उन्होंने कहा कि हालांकि, मुझे विश्वास है कि हमारे पड़ोसी मदद करेंगे।

## ऑफ बीट

# खुशी के विज्ञान पर पाठ्यक्रम पढ़ाने से हमने क्या सीखा

जब आप विश्वविद्यालय में एक ऐसा पाठ्यक्रम पढ़ाते हैं जो छात्रों को खुशी देता है, तो हर कोई जानना चाहता है कि इसमें क्या राज़ है। आपका तरीका क्या हैं? आपकी शीर्ष दस सिफ़ारिशें क्या हैं? ये सबसे अधिक पूछे जाने वाले सवाल हैं, जैसे कि खुशी का कोई त्वरित, निश्चित मार्ग है। समस्या यह है कि जीवन में बदलाव लाने वाली कोई नई खोजें नहीं हैं, क्योंकि अधिकांश कार्यों के बारे में पहले ही बात की जा चुकी है। सामाजिक जुड़ाव, सचेतनता, कृतज्ञता पत्र, दयालुता के कार्य, प्रकृति में टहलना, बेहतर नींद, सोशल मीडिया के उपयोग को सीमित करना। ये 80 या उससे अधिक मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेपों में से कुछ हैं जिन्हें हमारी भलाई (कुछ हद तक या अधिक हद तक) में सुधार करने के लिए उपयोगी दिखाया गया है, लेकिन अगर हम पहले से ही इतना जानते हैं कि किस चीज से लाभ होता है, तो हम अभी भी खुशी से जुड़े तरीके के लिए अनुरोध क्यों कर रहे हैं? डेटा हमें बताता है कि छात्र और युवा नाखुश हैं, राष्ट्रीय सर्वेक्षणों से पता चला है कि यूके और यूएस में युवाओं में खुशहाली सबसे कम है। हमने 2019 में कुछ चिंताजनक गिरावट की प्रवृत्तियों का मुकाबला करने के लिए ब्रिस्टल विश्वविद्यालय में खुशी के विज्ञान पाठ्यक्रम को पढ़ाना शुरू किया।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



**चुनावी तैयारी** | प्रत्याशियों की नामांकन प्रक्रिया शुरू, रोड शो कर किया शक्ति प्रदर्शन, जीत के दावे

# लोस चुनाव के रण में भाजपा ने अब तक उतारे 405 प्रत्याशी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजा प्रत्याशियों के चयन को लेकर बड़ी जांच प्रख कर खरा प्रत्याशी उतार रही है। लोस चुनाव के मद्देनजर भाजपा धीरे-धीरे उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर रही है। भाजपा ने अब तक कुल 6 सूचियां जारी कर चुकी है। इनमें अभी तक 405 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। पार्टी की जारी सूची में मौजूदा 291 सांसदों में से 101 सांसदों को टिकट ही दिए हैं। पहली सूची में 33, दूसरी में 30, पांचवी में 37 और छठी लिस्ट में 1 मौजूदा सांसदों के टिकट काटे गए है। इनमें कई राज्य मंत्री भी शामिल हैं। आंकड़ों का हिसाब लगाएं तो पार्टी ने करीब 34 फीसदी मौजूदा सांसदों के टिकट काटे हैं। भाजपा ने 2019 में अपने 282 सांसदों में से 119 के टिकट काटे थे, यानी करीब 42 प्रतिशत सांसदों को दोबारा टिकट नहीं मिला था। वहीं इस बार पार्टी ने एंटी इंकम्बेंसी, विवादित बयानबाजी और स्थानीय कार्यकर्ताओं की नाराजगी को ध्यान में रखते हुए 101 सांसदों का टिकट अब तक काटा है।

## वरुण, प्रज्ञा जैसे बड़े चेहरों की टिकट काटी

भाजपा द्वारा जिन बड़े सांसदों के टिकट काटे गए हैं उनमें वरुण गांधी, प्रज्ञा ठाकुर, रमेश बिधूड़ी, दर्शना जरदोष, रमेश पोखरियाल निशंक, प्रताप सिम्हा, वी.के सिंह, अनंत हेगड़े, अश्विनी चौबे, हर्षवर्धन, गौतम गंभीर जैसे बड़े नाम शामिल हैं। वहीं मणिपुर के तीनों सांसदों का टिकट काट दिया गया है। वहीं मणिपुर की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए पार्टी ने तीनों सांसदों का टिकट काटने का फैसला किया है और नए चेहरों पर दांव खेला है।

## 101 सांसदों के टिकट कटे, और भी कट सकता हैं टिकट



## बृजभूषण पर सस्पेंस बरकरार



भाजपा अभी कम से कम 30-40 उम्मीदवार और घोषित करेगी। माना जा रहा है कि इनमें भी कइयों के टिकट कट सकता है। अभी तक विवादास्पद सांसद बृजभूषण शरण सिंह की उम्मीदवारी पर फैसला नहीं किया है। कैसरगंज लोकसभा सीट से पार्टी की तरफ से नाम का ऐलान नहीं किया जा रहा है. राजनीतिक हलकों में चर्चाएं जोरों पर है कि बृजभूषण सिंह का टिकट इस बार कट सकता है। हालांकि अभी तक इस पर सस्पेंस बरकरार है।

### राष्ट्रीय राजधानी में 6 सांसदों का टिकट कटा

दिल्ली में इस बार सभी सात सांसदों में से 6 का टिकट काट दिया है। सिर्फ भोजपुरी अभिनेता और गायक मनोज तिवारी ही हैं, जो अपना टिकट बचा पाए हैं। भाजपा ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए 2 बार के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की टिकट काटकर प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। वहीं, पश्चिमी दिल्ली सीट से 2 बार के सांसद परवेश सिंह वर्मा की जगह कमलजीत सहरावत, दक्षिणी दिल्ली से बीजेपी ने रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूड़ी, नई दिल्ली लोकसभा सीट से मीनाक्षी लेखी की जगह दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को मैदान में उतारा है। उत्तर पश्चिमी दिल्ली से हंसराज हंस की जगह योगेश चंदोलिया को टिकट दिया गया है। पूर्वी दिल्ली से गौतम गंभीर की जगह हर्ष मल्होत्रा और उत्तर पूर्वी से फिर से मनोज तिवारी को मैदान में उतारा है।



## उप्र में अभी तक 9 दिग्गजों का टिकट कटा

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से 75 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है। वहीं पांच सीटें सहयोगी दलों के लिए छोड़ी हुई हैं। 75 सीटों में से 63 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है, जबकि करीब एक दर्जन सीटों पर सस्पेंस अब भी बरकरार है। उप्र में पार्टी अभी तक मौजूदा 9 सांसदों के टिकट काट चुकी है। बरेली से 8 बार के सासंद रहे संतोष गंगवार, पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी, गाजियाबाद से केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह, बाराबंकी के सांसद उपेन्द्र रावत, बदायूं से स्वामी प्रसाद मौर्य की बेटी संघमित्रा मौर्य, कानपुर नगर सीट से सत्यदेव पचौरी, बहराइच (आरक्षित) से अक्षयवर लाल गौड़, हाथरस (आरक्षित) के सांसद राजवीर सिंह दिलेर और मेरठ सीट से राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटा है। जनरल वीके सिंह और सत्यदेव पचौरी ने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा से पहले ही चुनाव न लड़ने की घोषणा कर चुके थे।

### मणिपुर के तीनों को दोबारा मौका नहीं

मणिपुर में भी पार्टी ने राज्य के तीनों मौजूदा सांसदों का टिकट काट दिया है और नए चेहरों को मौका दिया है। मंगलवार को ही जारी छठी लिस्ट में पार्टी ने उस सांसद का भी टिकट काट दिया जिसके घर को उपद्रवियों ने जला दिया था। पार्टी ने केंद्रीय राज्य मंत्री (विदेश मंत्रालय) राजकुमार रंजन सिंह को दोबारा मौका नहीं दिया है. मणिपुर अशांति के दौरान उपद्रवियों ने इंफाल में उनका घर जला दिया था। इससे पहले की लिस्ट में दो अन्य सांसदों का टिकट पहले ही कट चुका था।

### गुजरात में 14 नए चेहरों पर दांव लगाया

गुजरात में भाजपा ने सभी 26 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। पार्टी ने 14 नए चेहरे को जगह दी है, जबकि 12 सांसदों को रिपीट किया है। पिछले चुनाव में छह के मुकाबले इस बारे चार महिलाओं को उम्मीदवार बनाया है।मोदी सरकार के दो केंद्रीय राज्य मंत्रियों का टिकट काटा गया है. सूरत से दर्शनाबेन जरदोश और सुरेंद्रनगर से डॉ महेंद्र मुंजपरा को पार्टी ने इस बार टिकट नहीं दिया है. दोनों केंद्रीय मंत्रियों की जगह पर नए चहरों को पार्टी ने मैदान में उतारा है. दर्शनाबेन जरदोश की जगह पर सूरत बीजेपी के महामंत्री मुकेश दलाल को टिकट दिया गया है, जबकि डॉ महेंद्र मुंजपरा की जगह पर जिला पंचायत के पूर्व प्रमुख रहे चंदूभाई सीहोरा चुनाव लड़ेंगे. चंदूभाई साल 2017 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे।

## भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू



नई दिल्ली (भाषा)। पंजाब से तीन बार कांग्रेस के सांसद रहे रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले पाला बदलने के बाद बिट्टू ने दावा किया कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से सत्ता में लाने का मन बना लिया है। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। बेअंत सिंह को राज्य में आतंकवाद विरोधी अभियान का नायक माना जाता है। पद पर रहते हुए एक आतंकवादी हमले में उनकी हत्या कर दी गई थी। बिट्टू लोकसभा में लुधियाना का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेताओं की सराहना करते हुए कहा कि पंजाब के लिए उनके मन में बहुत स्नेह है और वह राज्य के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं।

## भाजपा का बड़ा फैसला

### पंजाब में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी भाजपा, शिअद से कोई गठबंधन नहीं

चंडीगढ़ (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को पंजाब में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की, जो शिरोमणि अकाली दल (शिअद) से फिर से गठबंधन करने संबंधी बातचीत की अटकलों के खत्म होने का संकेत है। भाजपा के अकेले चुनाव लड़ने से आम चुनाव में इस सीमावर्ती राज्य में चतुष्कोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। पंजाब में 13 लोकसभा सीटों के लिए मतदान सात चरणों के चुनाव के अंतिम चरण में, एक जून को होगा। यह घोषणा शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और भाजपा में संसदीय चुनाव के लिए फिर से गठबंधन करने संबंधी बातचीत की अटकलों के बीच की गयी है। भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, "भाजपा पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने जा रही है।" उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले 'फीडबैक' के बाद यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के भविष्य और युवाओं, किसानों, व्यापारियों, मजदूरों तथा वंचित वर्गों की बेहतरी के लिए यह फैसला लिया गया है।

## चुनाव में हार को भांपते हुए विपक्ष कर रहा विभाजनकारी राजनीति : भाजपा



**नई दिल्ली(भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विपक्षी दलों के नेताओं पर प्रधानमंत्री मोदी को लेकर उनकी ताजा टिप्पणी के लिए मंगलवार को निशाना साधा और उन पर लोकसभा चुनाव में अपनी हार को भांपते हुए देश का माहौल खराब करने के लिए 'विभाजनकारी राजनीति' में लिप्त होने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि वे देश की प्रगति के लिए मोदी को वोट देकर आगामी संसदीय चुनावों में इस तरह की 'शक्तियों' को खारिज कर दें और उन्हें करारा जवाब दें। त्रिवेदी ने कर्नाटक के मंत्री शिवराज तंगादगी के 'मोदी, मोदी के नारे लगाने वाले

## कांग्रेस युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना: राहुल गांधी



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रोजगार के मुद्दे को लेकर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उनकी पार्टी युवाओं का भविष्य बनाना चाहती है और भाजपा उन्हें भटकाना चाहती है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी जी, क्या आपके पास रोजगार के लिये कोई योजना थी भी? यही सवाल आज हर युवा की ज़ुबान पर है. गली-गली, गांव-गांव भाजपा वालों से पूछा जा रहा है- आखिर हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठ क्यों बोला गया था?" उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 'युवा न्याय' के तहत रोजगार क्रांति का संकल्प लिया है। हमारी गारंटी है कि हम सरकार में आते ही 30 लाख सरकारी पदों को भरेंगे, हर शिक्षित युवा को 'पहली नौकरी पक्की' योजना के तहत 1 लाख रुपये सालाना की नौकरी देंगे।

# भाजपा ने विरोध मार्च निकालकर केजरी के इस्तीफे की मांग उठाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को यहां एक विरोध मार्च निकाला और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की जिन्हें आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया गया है। भाजपा कार्यकर्ता फिरोजशाह कोटला स्टेडियम के पास जमा हुए और उन्होंने दिल्ली सचिवालय तक मार्च निकाला। इस दौरान वे मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनकी पार्टी के खिलाफ नारे लगा रहे थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद हर्षवर्धन ने कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है इसलिए उन्हें नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए और अपनी जिम्मेदारी किसी और को सौंप देनी चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में रहते हुए अपने मंत्रियों को निर्देश जारी करने के लिए केजरीवाल की आलोचना करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि एक मुख्यमंत्री हिरासत में रहते हुए निर्देश जारी नहीं कर सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप' नौटंकी कर रही है। सिरसा ने कहा कि उन्होंने इस मामले में दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना से शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल को मोहल्ला क्लीनिक में जांच में समस्याओं के बारे में सूचना मिली है और उन्होंने निर्देश जारी किए हैं। भारद्वाज ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग इन मुद्दों से निपटने को लेकर तत्काल कार्रवाई करेगा।





## 'आप' का प्रदर्शन: पीएम आवास के आसपास सुरक्षा कड़ी की गई

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवास का घेराव करने के आह्वान के बाद पुलिस ने सात, लोक कल्याण मार्ग की सुरक्षा कड़ी कर दी है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सात, लोक कल्याण मार्ग प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास है। प्रवर्तन निदेशालय ने अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन से संबंधित मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। वह बृहस्पतिवार तक एजेंसी की हिरासत में हैं। उनपर नीति बनाने के दौरान कुछ व्यक्तियों को फायदा पहुंचाने संबंधी कथित साजिश में सीधे शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के कई अन्य इलाकों में भी सुरक्षा कड़ी की है जिनमें मध्य दिल्ली के मेट्रो स्टेशन भी शामिल हैं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार सुरक्षा कारणों से बंद कर दिए गए हैं। डीएमआरसी के अनुसार, पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी

## चुनावी रण: अब नामांकन शुरू

### सोनोवाल का डिब्रूगढ़ से नामांकन



डिब्रूगढ़ (भाषा)। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने असम के डिब्रूगढ़ संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार के रूप में मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

### कठुआ में जितेंद्र सिंह का रोड शो



कठुआ। भाजपा उम्मीदवार जितेंद्र सिंह मंगलवार को कठुआ जिले में आगामी लोकसभा चुनाव से पहले एक रोड शो के दौरान विजय चिन्ह दिखाते हुए।

### राजस्थान : नागौर से भाजपा उम्मीदवार ने ज्योति का पर्चा भरा

**जयपुर (भाषा)।** नागौर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार ज्योति मिर्धा ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नागौर कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र दाखिल करते समय उनके साथ मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर भी मौजूद रहे।नागौर से पूर्व कांग्रेस सांसद मिर्धा 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल हो गई थीं।

# मोदी ने बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से बात की, उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी रेखा पात्रा से बात की, जिन्होंने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीडन का मुद्दा उठाया था। पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी। तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शाहजहां शेख और उनके खास लोगों के कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाली पात्रा को भाजपा ने बशीरहाट लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। संदेशखालि इसी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मोदी ने पात्रा से उनके प्रचार की तैयारियों और मतदाताओं के बीच भाजपा के समर्थन सहित अन्य मुद्दों के बारे में बात की। पात्रा ने इस दौरान संदेशखालि की महिलाओं की पीड़ा सुनाई। पात्रा ने मोदी से कहा कि उन्हें अच्छा लग रहा है कि वह उनके साथ खड़े हैं और कहा, "ऐसा लग रहा है, जैसे राम जी हमारे साथ हैं।₹ भाजपा प्रत्याशी ने प्रधानमंत्री को बताया कि उन्होंने क्षेत्र की स्थिति के कारण 2011 से मतदान नहीं किया है। इस पर मोदी ने आश्वासन दिया कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि हर कोई मतदान कर सके।

## संदेशखालि में महिलाओं के यौन उत्पीडन का मुद्दा उठाया था



भाजपा नेताओं संवाद का एक ऑडियो जारी किया

पात्रा ने यह भी कहा कि उनके आसपास के टीएमसी समर्थकों ने शुरू में भाजपा से उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया, लेकिन अब उनका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वह एक गरीब परिवार से हैं और उनके पति केरल और तमिलनाडु में काम करते हैं। उन्होंने कहा, ₹मैं कुछ ऐसा करूंगी कि किसी को काम के लिए इतनी दूर न जाना पड़े। उन्हें यहीं रोजगार मिले। प्रधानमंत्री ने उन्हें 'शक्ति स्वरूपा' कहकर संबोधित किया। शक्ति एक शब्द है, जो दुर्गा और काली जैसी देवी-देवताओं से जुड़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपने संदेशखालि में लड़ाई लड़ी, आप 'शक्ति स्वरूपा' हैं...। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें जनता तक यह संदेश ले जाना चाहिए कि तृणमूल कांग्रेस सरकार राज्य के लोगों के खिलाफ कैसे काम कर रही है। भाजपा नेताओं की ओर से पात्रा और प्रधानमंत्री के बीच संवाद का एक ऑडियो जारी किया गया।

### पीएम ने केरल के उम्मीदवार से भी की बात, प्रोफेसर ने कर दी लेफ्ट की शिकायत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भाजपा ने केरल की अलाथुर लोकसभा सीट से प्रोफेसर टीएन सरासू को टिकट देकर मैदान में उतारा है। अलाथुर लोकसभा सीट से प्रोफेसर टीएन सरासू ने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत करते हुए कहा कि केरल में सहकारी बैंकों को लेकर एक समस्या है, जो सीपीआई (एम) नेताओं द्वारा शासित हैं। गरीबों का बैंक में जमा पैसा लूट लेते हैं। उन्हें उनके पैसे वापस नहीं मिल रहे हैं। तो, यहां के लोगों की ओर से एक बड़ी शिकायत है...क्या आप इसके खिलाफ कुछ कर सकते हैं। पीएम ने उनसे कहा कि मुझे खुशी है कि एक उम्मीदवार के रूप में, आप लोगों के मुद्दों को उठा रहे हैं। यह किसी भी लोक सेवक के लिए अच्छी बात है... हां, मैंने इसके बारे में सुना है। मेरे पास इसके बारे में कुछ विवरण हैं और आप सही कह रही हैं कि बहुत सारे गरीब लोग इससे प्रभावित हुए हैं। हमारी सरकार इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि गरीबों को न्याय मिल सके... मैं कानूनी सलाह लूंगा और ईडी जो भी संपत्ति कुर्क करेगा, अगर वह आम है आदमी का पैसा शामिल है।

## स्टालिन ने चुनाव प्रचार किया, लोगों के साथ सेल्फी खिंचवाई



**थूथुकुडी (भाषा)।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को यहां एक स्थानीय सब्जी मंडी जाकर राज्य में 16 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए प्रचार किया। स्टालिन के साथ उनकी बहन एवं स्थानीय सांसद कनिमोई, राज्य सरकार की मंत्री अनिता आर राधाकृष्णन और गीता जीवन भी थीं। कनिमोई इसी संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार भी हैं।

## कांग्रेस: 7वीं सूची में 5 के नाम छत्तीसगढ़ के 4 और तमिलनाडु का एक प्रत्याशी घोषित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने मंगलवार को 5 कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया। यह पार्टी की 7वीं लिस्ट है। इसमें छत्तीसगढ़ से 4 और तमिलनाडु से एक कैंडिडेट है। छत्तीसगढ़ की सरगुजा सीट से शशि सिंह, रायगढ़ से मेनका देवी सिंह, बिलासपुर से देवेंद्र सिंह यादव, कांकेर से ब्रजेश ठाकुर और तमिलनाडु की मायलाआडुथुरई सीट से एडवोकेट आर. सुधा को मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस अब तक देशभर में 195 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है।

### कांग्रेसी गौरव का जोरहट से नामांकन



**जोरहाट (भाषा)।** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने मंगलवार को असम की जोरहाट लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। जोरहाट लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होगा। कांग्रेस के उप नेता गोगोई ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा, राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी पुलक कुमार महंत को नामांकन पत्र सौंपे।

### कमलनाथ के बेटे ने भरा पर्चा




**छिंदवाड़ा।** आगामी चुनावों से पहले नामांकन दाखिल करने के दौरान कांग्रेस नेता कमल नाथ अपने बेटे और मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार नकुल नाथ के साथ।

## मथुरा में 'हुरंगा होली' के रंग, अयोध्या में भगवान राम संग फूलों की होली खेली



जोरहाट (भाषा)। मथुरा। मंगलवार को मथुरा के पास दाऊजी मंदिर में लोगों ने जमकर 'हुरंगा होली' मनाते हैं। 'हुरंगा होली' के दौरान, पुरुष महिलाओं को तरल रंगों से सराबोर करते हैं और महिलाएं पुरुषों के कपड़े फाड़ देती हैं। इस दौरान इस पर्व को देखने के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं। उधर, अयोध्या में भी रामलला के साथ फूलों की होली खेली गई। अयोध्या में लाखों भक्त रामलला के दर्शन के लिए पंहुचे।



## पंजाबः नशा तस्कर ने पुलिस पर किया हमला, जवाबी फायरिंग में मारा गया

**होशियारपुर(भाषा)।** होशियारपुर में मंगलवार को पुलिस ने एक कथित नशा तस्कर के घर में छापेमारी की लेकिन उस दौरान हुई जवाबी गोलीबारी में वह मारा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं। होशियारपुर के पुलिस अधीक्षक सर्बजीत सिंह बाहिया ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम 50 वर्षीय वांछित नशा तस्कर सुच्चा सिंह के आवास पर पहुंची थी। पुलिस की टीम उसके घर पहुंची तो सुच्चा ने फावड़े/कुदाल और एक अन्य धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया। एसपी बाहिया ने बताया कि जवाबी गोलीबारी में सुच्चा जख्मी हो गया था जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही दम तोड़ दिया। हमले में घायल सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) सतनाम सिंह और हेड कांस्टेबल गुरविंदर सिंह को इलाज के लिए दासुया के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


### विदेश मंत्री बोले-दोनों देश लोकतंत्र नियम आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध

# भारत राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपीन का समर्थन करता हैः जयशंकर

मनीला (भाषा)

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ फिलीपीन के विवाद के बीच मंगलवार को कहा कि अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में दक्षिणपूर्व एशियाई देश का भारत दृढ़ता से समर्थन करता है और वह रक्षा एवं सुरक्षा समेत सहयोग के नए क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशना चाहता है। जयशंकर ने मनीला में फिलीपीन के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि फिलीपीन के मंत्री मनालो के साथ सार्थक मुलाकात हुई। राजनीति, रक्षा, सुरक्षा व समुद्री सहयोग, व्यापार व निवेश, बुनियादी ढांचा, विकास सहयोग, शिक्षा, डिजिटल, प्रौद्योगिकी, संस्कृति तथा दूतावास संबंधी क्षेत्रों में संबंध मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा हुई। जयशंकर तीन देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण के तहत फिलीपीन में हैं।



### प्रत्येक देश को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने का अधिकार

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने उन्होंने हिंद-प्रशांत, दक्षिणपूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान), पश्चिम एशिया, यूक्रेन, गुट निरपेक्ष आंदोलन तथा संयुक्त राष्ट्र समेत वैश्विक, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर विचार साझा किए। जयशंकर कहा, ''चूंकि दोनों लोकतंत्र नियम आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं, लिहाजा हमारा सहयोग गहरा बनाने के लिए उत्साहित हूं। मनालो के साथ एक संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा ''मैं इस अवसर पर दृढ़ता के साथ दोहराना चाहता हूं कि भारत राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने में फिलीपीन का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि बदलती दुनिया के साथ यह आवश्यक है कि भारत और फिलीपीन उभरते विश्व को आकार देने में अधिक निकटता से सहयोग करें। विदेश मंत्री ने एक सवाल पर कहा कि प्रत्येक देश को अपनी राष्ट्रीय संप्रभुत्ता को बनाए रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा, ''हमने इस पर भी चर्चा की है। जयशंकर ने कहा कि हाल में भारत और फिलीपीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में बहुत उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दक्षिण चीन सागर में घटनाक्रम के बीच फिलीपीन के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने की भारत की योजनाओं पर एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, ''आपको उस सहयोग को उसकी खूबियों के आधार पर देखने की जरूरत है। यह जरूरी नहीं है कि इसका संबंध किसी खास स्थिति से है। उन्होंने कहा, ''लेकिन आज यह स्वाभाविक है कि जब दो देशों के बीच यह विश्वास तेजी से बढ़ रहा है,

### समुद्री सुरक्षा में हमारे साझा हितों पर चर्चा की

*जयशंकर ने कहा कि उन्होंने और उनके समकक्ष ने ''यह देखते हुए समुद्री सुरक्षा में हमारे साझा हितों पर चर्चा की कि हमारे दोनों देशों ने वैश्विक जहाजरानी उद्योग में कितना योगदान दिया है। उन्होंने लाल सागर तथा अरब सागर में मौजूदा खतरों से निपटने के लिए भारतीय नौसेना की तैनाती के बारे में भी मनालो को जानकारी दी। जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ की ओर बढ़ने पर उन्हें विश्वास है कि और भी बहुत कुछ उनका इंतजार कर रहा है।*

### दक्षिण चीन सागर पर हमारे दावे का सम्मान करे भारत

*बीजिंग। चीन ने मंगलवार को भारत से विवादित दक्षिण चीन सागर पर उसके संप्रभुता के दावों और समुद्री हितों का सम्मान करने का आग्रह किया और कहा कि /''तीसरे पक्ष/'' को हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपीन के बीच वर्तमान में विवाद है।*



*चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यह बात यहां एक प्रेस वार्ता में विदेश मंत्री एस जयशंकर की एक टिप्पणी पर एक सवाल का जवाब देते हुए कही। जयशंकर ने कहा था कि भारत फिलीपीन की संप्रभुता का समर्थन करता है। लिन ने कहा, ''समुद्री विवाद संबंधित देशों के बीच के मुद्दे हैं। तीसरे पक्ष को किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ''हम संबंधित पक्षों से दक्षिण चीन सागर मुद्दे पर तथ्यों और सच्चाई का सीधे तौर पर सामना करने और चीन की क्षेत्रीय संप्रभुता और समुद्री अधिकारों एवं हितों तथा दक्षिण चीन सागर को शांतिपूर्ण एवं स्थिर रखने के क्षेत्रीय देशों के प्रयासों का सम्मान करने का आग्रह करते हैं।''*

### मोदी ने बेल्जियम के पीएम से की बात

## रूस-यूक्रेन में शांति बहाली में सहयोग पर सहमति




- व्यापार, निवेश और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों सहित द्विपक्षीय साझेदारी पर की चर्चा
- दोनों नेताओं ने भारत और बेल्जियम के बीच उत्कृष्ट संबंधों की समीक्षा की

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बेल्जियम के अपने समकक्ष एलेक्जेंडर डी क्रू से बात की और दोनों देशों के 'उत्कृष्ट' संबंधों की समीक्षा करने के साथ ही व्यापार, निवेश और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। टेलीफोन पर हुई इस बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में ब्रसेल्स में पहले परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए डी क्रू को बधाई दी। बयान में कहा गया, /''दोनों नेताओं ने भारत और बेल्जियम के बीच उत्कृष्ट संबंधों की समीक्षा की। इसके मुताबिक, मोदी और डी क्रू ने व्यापार, निवेश, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स, ग्रीन हाइड्रोजन, आईटी, रक्षा, बंदरगाहों सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने यूरोपीय संघ की परिषद की बेल्जियम की मौजूदा अध्यक्षता के तहत भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।


### जलवायु कार्यकर्ता वांगचुक ने 21 दिनों से जारी अपनी भूख हड़ताल खत्म की

**लेह (भाषा)।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लद्दाख के लिये राज्य के दर्जे तथा संविधान की छठी अनुसूची में उसे शामिल करने की मांग के समर्थन में 21 दिनों से जारी अपनी भूख हड़ताल मंगलवार शाम समाप्त कर दी। उससे पहले दिन में, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस केंद्रशासित प्रदेश के लोगों से किये गये वादे को पूरा करने की फिर से अपील की।

उन्होंने लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में देश के हित में ''बहुत सावधानी से'' अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का भी आह्वान किया। एक बच्ची के हाथ से जूस पीकर वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त की। वांगचुक ने कहा, '' भूख हड़ताल का पहला चरण आज समाप्त हो रहा है, लेकिन यह आंदोलन का अंत नहीं है।''



लोगों की तलाश जारी



## बाल्टीमोर में मालवाहक जहाज के टकराने से पुल गिरा

एजेंसी ▶▶| बाल्टीमोर

बाल्टीमोर में सोमवार देर रात एक मालवाहक जहाज एक प्रमुख पुल से टकरा गया, जिससे पुल टूटकर नीचे नदी में गिर गया। इसकी वजह से कई वाहन ठंडे पानी में गिर गए और बचाव दल जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि मालवाहक जहाज किस कारण से सुबह के आवागमन से काफी पहले 'फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज' से टकरा गया। इस घटना में दो लोगों को बचा लिया गया और यह स्पष्ट नहीं है कि और कितने लोग पानी में गिरे होंगे। जहाज पुल के एक खंभे से टकरा गया, जिससे ढांचा कई बिंदुओं पर टूटकर कुछ ही सेकंड में पानी में गिर गया। सिनर्जी मरीन ग्रुप द्वारा प्रदान की गई जहाज की जानकारी के अनुसार, जहाज के चालक दल के कुल 22 सदस्य थे और ये सभी भारतीय हैं। जहाज का स्वामित्व 'ग्रेस ओशन प्राइवेट लिमिटेड' के पास है और जहाज की आवाजाही बाल्टीमोर से कोलंबो तक थी। जहाज प्रबंधन कंपनी सिनर्जी मरीन ग्रुप ने कहा कि जहाज /''डीएएलआई/'' के मालिकों और प्रबंधकों ने बताया कि जहाज सोमवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 01:30 बजे बाल्टीमोर के 'फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज' के एक खंभे से टकरा गया।

### चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय

किसी ने इस घटना का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस दौरान जहाज में आग लग गई और उसमें से काला धुआं निकलने लगा। बाल्टीमोर के मेयर ब्रैंडन स्कॉट ने इसे ''एक अकल्पनीय त्रासदी'' कहा। उन्होंने कहा, ''आपने कभी नहीं सोचा होगा कि आप इस पुल को धराशायी होते हुए देखेंगे। यह किसी एक्शन फिल्म जैसा लग रहा था। इस बीच न्यूयार्क से मिली खबर के अनुसार पुल से टकराने वाले मालवाहक जहाज के चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय हैं। सिंगापुर के झंडे वाला कंटेनर जहाज /''डीएएलआई/'' स्थानीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के एक खंभे से टकरा गया।

### उप्रः माफिया मुख्तार अंसारी को अस्पताल से छुट्टी मिली, जेल भेजा

**बांदा/लखनऊ (भाषा)।** सजायाफ्ता बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को उपचार के बाद मंगलवार शाम बांदा जिले के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज से छुट्टी दे दी गई, जिसके बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मेडिकल कॉलेज के



प्राचार्य डॉ. सुनील कौशल ने बताया कि अंसारी को पेट दर्द, पेशाब और मल त्यागने में समस्या के चलते आज सुबह करीब पौने चार बजे भर्ती कराया गया था। उपचार पूरा होने के बाद शाम करीब पौने छह बजे अंसारी को आईसीयू वार्ड से छुट्टी दे दी गई। इससे पहले दिन में, मुख्तार के सांसद भाई अफजाल अंसारी ने कहा था कि उनके भाई ने उन्हें खाने दो बार जहर दिए जाने का दावा किया है।

## संजीव पांडे ने इजराइल-फलस्तीन युद्ध के विरोध में पीएचडी की डिग्री लौटाई

**नई दिल्ली(भाषा)।** सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पांडे ने इजराइल-फलस्तीन संघर्ष को लेकर अमेरिका के रुख के विरोध में अपनी पीएचडी की डिग्री कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसी), बर्कले को आधिकारिक तौर पर लौटा दी है। इससे पहले जनवरी में, संजीव पांडे ने गाजा में इजराइली हमले के सिलसिले में अमेरिका की 'भूमिका' के विरोध में प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे पुरस्कार लौटाने के अपने फैसले की घोषणा की थी। उन्हें वर्ष 2002 में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया था। सामाजिक कार्यकर्ता ने इस मुद्दे पर सिरैक्यूज विश्वविद्यालय को अपनी एमएससी की दोहरी डिग्री भी लौटा दी है। पांडे ने इन विश्वविद्यालयों को लिखे दो पत्रों में कहा कि इजराइल-फलस्तीन के बीच चल रहे युद्ध में अमेरिका की भूमिका निंदनीय है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा, ''मेरा मानना है कि अमेरिका युद्ध को समाप्त करने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता था और फलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दिलाकर इस



- सामाजिक कार्यकर्ता ने इन विश्वविद्यालयों को लिखा पत्र

समस्या का स्थायी समाधान ढूंढ सकता था। लेकिन, इसके बजाय उसने फलस्तीनियों के खिलाफ इजराइल की आक्रामकता का आंख बंद करके सैन्य सहायता के जरिए समर्थन करना जारी रखा है, जिसके परिणामस्वरूप बच्चों सहित हजारों निर्दोष लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि यह विश्वास करना बेहद मुश्किल है कि अमेरिका लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए खड़ा है। पांडे ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले के सभी रिकॉर्ड से अपना नाम हटाने का अनुरोध किया और सिरैक्यूज विश्वविद्यालय से भी ऐसा ही अनुरोध किया।

### पाकिस्तान में आत्मघाती हमला पांच चीनी नागरिकों सहित छह मारे गए

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को विस्फोटक से भरे एक वाहन ने एक बस को टक्कर मार दी, जिससे बस में सवार कम से कम पांच चीनी नागरिकों सहित छह व्यक्तियों की मौत हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। ये चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि प्रांत के शांगला जिले के बिशम इलाके में हुई घटना में कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब इस्लामाबाद से कोहिस्तान जा रही एक बस को विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मुहम्मद अली गंडापुर ने घटना और मरने वालों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि यह संभवतः एक आत्मघाती हमला था। गंडापुर ने मीडिया को बताया कि हमले में पांच चीनी नागरिक और उनका पाकिस्तानी चालक मारा गया।'' अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। गृह मंत्री मोहसिन यहां स्थित चीनी दूतावास पहुंचे और चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की। उन्होंने संवेदना व्यक्त की और राजदूत को यह भी आश्वासन दिया कि पाक सरकार दोषियों को न्याय के कटघरे में लाएगी। पाक के राष्ट्रपति जरदारी ने हमले की कड़ी निंदा की और चीनी नागरिकों की मौत पर 'गहरा दुख' व्यक्त किया।

- चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे

### मुंबई में छह मंजिला इमारत में आग लगने के बाद 50 को बचाया

**मुंबई(भाषा)।** मुंबई के उपनगरीय मुलुंड इलाके में छह मंजिला कॉर्पोरेट पार्क इमारत में मंगलवार की सुबह आग लग गई लेकिन समय रहते करीब 50 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया और इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि आग पूर्वाह्न नौ बजकर करीब 25 मिनट पर छठी मंजिल पर लगी और इमारत में धुआं भरने की वजह से विभिन्न मंजिलों पर लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि सीढ़ियों की मदद से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया कि अभी तक हादसे में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। एक अन्य नगर निगम अधिकारी ने बताया कि एलबीएस रोड पर स्थित एवियर कॉर्पोरेट पार्क के छठे तल पर आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक इमारत में आग से करीब एक हजार वर्ग फीट क्षेत्र में मौजूद तारों, बिजली के उपकरणों, एसी, लकड़ी के फर्नीचर और आधिकारिक दस्तावेजों को नुकसान पहुंचा है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए कम से कम चार दमकल वाहनों, तीन बड़े टैंकर और अन्य वाहनों को लगाया गया और आग पर चार घंटे में बाद काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस, बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) और अन्य एजेंसियों के कर्मियों को मौके पर भेजा गया है।

- सीढ़ियों की मदद से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला कोई हताहत नहीं




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25